* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
10 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 22
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# झारखंड की जमीन पर सियासत के सितारे

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अंतिम दौर में पहुंच गया है। इसलिए त्योहारों के संपन्न होने के बाद झारखंड की जमीन पर सियासत के सितारों का मेला लगा हुआ है। शनिवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनाव प्रचार करनेवाले प्रमुख चेहरों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन और अन्य नेता शामिल रहे। इन नेताओं ने चुनावी सभाओं और रोड शो के जरिये अपनी बातें लोगों तक पहुंचायीं और वोट मांगा। पहले चरण का चुनाव प्रचार सोमवार शाम पांच बजे समाप्त हो जायेगा। वोट 13 नवंबर को डाले जायेंगे।

## राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी धारा 370 नहीं ला सकती : अमित शाह

- हमारे रहते मुस्लिमों को आरक्षण नहीं मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/छतरपुर/पोटका/जमशेदपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी धारा 370 नहीं ला सकती। शनिवार को चुनाव प्रचार के क्रम में तीन चुनावी सभाओं में उन्होंने कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने के कथित प्रयासों के लिए कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी, आदिवासियों और दलितों से आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की योजना बना रही है। कांग्रेस ओबीसी कोटा के खिलाफ है। जब उलेमाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की, तो उसने 10 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा कभी भी धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देगी। गृहमंत्री अमित शाह ने पलामू, हजारीबाग और पोटका में चुनावी सभा की और जमशेदपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान की 'फर्जी' प्रति दिखाकर उसका अपमान कर रहे हैं। शाह ने हेमंत सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कहते हैं कि घुसपैठ भाजपा का राजनीतिक एजेंडा है। मैं कहता हूं कि यह सीएम का बैंक है। भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटका दिया जायेगा। आप 350 करोड़ रुपये लूटने वाले को सबक सिखा दो। हम आपको सुखद प्रदेश देंगे। हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। यह झारखंड के युवाओं की नौकरी खा जा रही है। हमारी सरकार बना दो, हम सभी घुसपैठियों को खदेड़ देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर हो समेत अन्य स्थानीय भाषाओं को पहले राज्य की अधिकृत सूची में शामिल करेंगे। इसके बाद संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जायेगा। सरकार सहारा का पैसा पाइ-पाइ वापस करेगी। हमारी सरकार बनने पर घुसपैठियों को निकाल-बाहर करेगी और आदिवासियों की जमीन वापस की जायेगी।




## पीएम मोदी का रांची में रोड शो आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार 10 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। वह रांची में भाजपा उम्मीदवार के साथ तीन किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री चंदनक्यारी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रांची में पीएम मोदी के रोड शो को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पीएम की सुरक्षा के लिए 11 एसपी, 30 डीएसपी और लगभग चार हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होकर पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए रातू रोड चौक पर खत्म होगा। रोड शो के मद्देनजर पूरे इलाके को साफ-सुथरा किया गया है। ऊंची इमारतों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। सड़क के दोनों ओर दो लेयर की बैरिकेडिंग भी की गयी है, ताकि कोई व्यक्ति रोड शो के बीच में न आ सके। रोड शो शाम चार बजे शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने इससे पहले चार नवंबर को गढ़वा और चाइबासा में दो चुनावी सभाएं की थीं और झारखंड के लोगों से डबल इंजन सरकार बनाने का आह्वान किया था।



पीएम के आगमन को लेकर शहर में दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक सभी तरह के छोटे/बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके साथ लोगों से यह अपील की गयी है कि शाम साढ़े चार बजे से रात्रि सात बजे तक आने-जाने के लिए कम से कम बाहर निकलें। शाम साढ़े चार बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाइकोर्ट से घाघरा रोड होते हुए हेथु बस्ती के रास्ते सीधे एयरपोर्ट जा सकेंगे। पीएम के रोड शो के मद्देनजर रातू रोड के सभी कट को बंद कर दिया गया है।

## हम हर हाल में तोड़ देंगे 50 फीसदी आरक्षण की दीवार : राहुल गांधी

- आदिवासियों-गरीबों के पीएम नहीं हैं मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही/बाघमारा/जमशेदपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी जी अंबानी की शादी में जाते हैं, लेकिन किसी गरीब के यहां शादी में नहीं जाते। एक बार मैंने देखा कि वे तार के पीछे खड़े गरीब बच्चों से झिझक कर मिले रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के पास जाते ही नहीं हैं। इससे पता चलता है कि वह आपके नहीं हैं। शनिवार को लगातार दूसरे दिन विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए झारखंड पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। देश में महंगाई बढ़ती है, तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं-बहनों को लगती है। नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है। उन्होंने कहा कि देश में करीब 50 फीसदी ओबीसी, 15 फीसदी दलित, आठ फीसदी आदिवासी और 15 फीसदी अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है, आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास कर-के दिखायेंगे और आरक्षण में 50 फीसदी की दीवार को तोड़ देंगे। झारखंड में हम आदिवासियों को 28 फीसदी, दलितों को 12 फीसदी और पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी बड़े-बड़े भाषण करते हैं। बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं, लेकिन बोझ आम आदमी को उठाना पड़ता है। मोदी जी गरीबों से हाथ मिलाने से भी कतराते हैं। वह अंबानी और अडाणी के साथ जायेंगे, लेकिन गरीबों, दलितों, पिछड़ों से मिलना तक नहीं चाहते।



## हेमंत सोरेन बरी नहीं हुए हैं, जमानत पर हैं : नड्डा

- यह चोरों का साथ देने वाली सरकार है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/विश्रामपुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आरोपों से बरी नहीं हुए हैं, बल्कि जमानत पर हैं। शनिवार को विश्रामपुर और रामगढ़ की चुनावी सभाओं में हेमंत सोरेन सरकार को 'चोरों का साथ देनेवाली सरकार' बताते हुए जोरदार हमले किये। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर भी झारखंड सरकार को निशाना बनाया। उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साथा और कहा कि यह आदिवासियों के अधिकारों पर डाका डालने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि इन्होंने आपके साथ छल किया, आपके साथ धोखा किया। इन्होंने कहा था कि आपको रोजगार, पेंशन देंगे। रोजगार भत्ता देंगे। लेकिन किसी को मिला? यह छलावे की सरकार है। यह धोखा देने वाली सरकार है। यह झूठ बोलने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि इनके अफसर जेल में हैं। इनके अफसरों के घरों से और उनके चार्टर्ड एकाउंटेंटों के घरों से 25-30 करोड़ रुपये निकले। मैंने लोकसभा चुनाव के समय कहा था कि यह यूपीए की सरकार, यह इंडिया एलायंस की सरकार के नेता या जेल में हैं या बेल पर हैं। उन्होंने बांग्लादेशियों की झारखंड में घुसपैठ को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक-एक बांग्लादेशी को झारखंड की धरती से निकालेंगे।



## चुनाव के बीच छापामारी का मकसद सबको पता है: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वह बोलने पर नहीं, काम करने पर भरोसा करते हैं। शनिवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि केंद्र यदि हमारा बकाया पैसा दे दे, तो इस राज्य की मां-बहनों को चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। उनकी फिक्र सरकार करेगी। शनिवार को आयकर छापामारी पर उन्होंने कहा कि चुनाव के बीच में इस तरह की छापामारी मैं पहली बार देख रहा हूं। राज्य की जनता भी शायद पहली बार देख रही होगी। लोगों को पता है कि संवैधानिक संस्थाओं किन लोगों पर किस तरह से काम कर रही है। पैसा तो विपक्षियों के यहां मिला, जिसका कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जिनके घर शीशे के होते हैं, वे दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते। शतुरमुर्ग की तरह गर्दन छिपाने से शरीर नहीं छिपता। बांग्लादेशी घुसपैठ के सवाल पर उन्होंने कहा कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। बंटेंगे तो कटेंगे कहनेवालों को चुनाव में जनता वोट के जरिये जवाब देगी। थोड़ा इंतजार कीजिए, सब कुछ साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा, हम झुकनेवालों में नहीं हैं। उन्होंने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति की बात दोहरायी। पत्नी कल्पना सोरेन के बारे में हेमंत ने कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें नेता बनाया है। जनता ही उनका भविष्य भी तय करेगी। हेमंत सोरेन इस चुनाव में अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे और कहा कि जनता का समर्थन उन्हें जरूर मिलेगा।




## 65 एकड़ जमीन मुड़मा मेला पड़हा स्थल को देंगे : हिमंता



- मांडर से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के समर्थन में जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो/पलामू।** झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर 65 एकड़ जमीन मुड़मा मेला के लिए पड़हा स्थल को दी जायेगी। शनिवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के समर्थन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि बाप और बेटी को लगता है कि उन्हें कोई नहीं हरा पायेगा, लेकिन आप सबके समर्थन और सहयोग से आपके क्षेत्र का बेटा आपका सन्नी टोप्पो उनको हरा रहा है। आपके इस जनसैलाब रूपी प्यार को देखकर मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि यहां सन्नी टोप्पो ही जीतेंगे। उन्होंने भाजपा के पांच प्रण को दोहराया और कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही पांच सौ रुपये में सिलेंडर, युवाओं को 2.87 लाख नौकरी, युवाओं को दो हजार की प्रोत्साहन राशि, माताओं-बहनों को गोगो दीदी योजना के तहत 21 रुपये प्रति महीने दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा के लिए झारखंड में भाजपा सरकार जरूरी है, मांडर में भाजपा जरूरी है, आपका सन्नी टोप्पो जरूरी है।

## घुसपैठ राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले पर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में घुसपैठ राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। राज्य का खुफिया विभाग यह स्वीकार कर चुका है कि मदरसों और मस्जिदों में बांग्लादेशी मुसलमानों को पनाह देकर उनके पहचान पत्र और आधार कार्ड तैयार किये जा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने न्यायालय में झूठा शपथ पत्र दिया। घुसपैठ के तथ्यों को छिपाकर उच्च न्यायालय को गुमराह किया है। बाबूलाल ने कहा कि संथाल परगना में रोहिंग्या मुसलमानों के हजारों जमाई टोले बस चुके हैं। रांची-डाल्टनगंज मार्ग (ब्रांबे, मांडर, चान्हो, मदरसा, कुडू) और रांची-गुमला मार्ग (पिस्का, नगड़ी, इटकी, सिसई) में सैकड़ों अवैध मस्जिद-मदरसे खड़े हो गये हैं। लोहरदगा की स्थिति अत्यंत नाजुक हो चुकी है। इन इलाकों में पर्व-त्योहार मनाना, शादी-विवाह करना तक दुश्वार हो गया है। घुसपैठिये हमारे भाई नहीं हो सकते। अवैध रूप से झारखंड में रह रहा हर बांग्लादेशी मुसलमान राज्य के लिए, हमारी संस्कृति के लिए, हमारे आदिवासी समाज के लिए और हमारी रोटी-बेटी-माटी के लिए बड़ा खतरा है। भगवान बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए, रोजगार और नौकरी के पर्याप्त अवसर के लिए, पारदर्शी परीक्षा के लिए इनके सरपरस्तों को खदेड़ना होगा।



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## झारखंड को तबाह कर दिया इस सरकार ने: शिवराज सिंह

- मोहब्बत की नहीं नफरत की दुकान चला रहे हैं राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव/ बरकट्ठा/ कांके।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर फूट डाल कर शासन करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। शनिवार को चार विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर प्रदेश को लूट कर तबाह और बर्बाद कर दिया है। झारखंड की धरती पर माटी, बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं है। इन्होंने जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर प्रदेश को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। यही वजह है कि झारखंड की जनता में झामुमो सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और जनता इस चुनाव में सोरेन सरकार को सबक सिखायेगी।




## सीएम के पीएस समेत 17 ठिकानों पर आयकर छापा

- रांची-जमशेदपुर में हुई कार्रवाई, चुनाव में हवाला के जरिये पैसों के लेन-देन का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव में हवाला के जरिये पैसों के लेन-देन के मामले में आयकर विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। विभाग की अलग-अलग टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के रांची स्थित घर समेत कुल 17 ठिकानों पर छापामारी की। इनमें रांची में सात और जमशेदपुर में नौ जगहों पर छापेमारी हुई। जिन स्थानों पर छापामारी हुई है, उनमें जमशेदपुर का अंजानिया इस्पात समेत अन्य ठिकाने भी शामिल हैं और ये सभी श्रीवास्तव के नजदीकी बताये जाते हैं। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग को विधानसभा चुनाव में हवाला के सहारे पैसों की लेन-देन की सूचना मिली थी। इस पर विभाग ने 26 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर,गिरिडीह और कोलकाता में 35 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 150 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति और निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये थे। साथ ही छापेमारी के दौरान मिली राशि का व्यापारियों के खातों से मिलान करने के बाद 70 लाख रुपये जब्त कर बैंक में जमा करा दिये गये थे। इसके तार झारखंड चुनाव से भी जुड़े हैं। इस छापेमारी को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। बता दें कि कुछ दिन पहले भी आयकर विभाग ने रांची में दो जगहों पर कार्रवाई की थी।



## घुसपैठियों से जमीन लेने के लिए कानून बनायेगी सरकार : राजनाथ

- झारखंड में चारों तरफ भ्रष्टाचार का आलम है

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा/खूंटी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए सरकार जल्द ही नया कानून बनायेगी। शनिवार को दो चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हित की बात करने वाली कांग्रेस को इस बात का जवाब देना चाहिए कि 1951 की जनगणना के अनुसार झारखंड में अनुसूचित जनजातियों की संख्या 51 फीसदी थी। वर्तमान वह घटकर 28 प्रतिशत कैसे हो गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी ओर भ्रष्टाचार है। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में हर ओर भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से केवल सरकारी अधिकारी और सत्ताधारी दलों के नेता ही लाभान्वित हो रहे हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 10 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# कोल्हान की 14 सीटें लेंगी दोनों पक्षों की ताकत का टेस्ट

## ■ चार पूर्व सीएम के रिश्तेदारों और तीन मंत्रियों का करियर लगा है दांव पर

## ■ 2019 की आंधी को दोहराना झामुमो-कांग्रेस के लिए नहीं है आसान

## ■ भाजपा ने नये प्रत्याशियों को उतार कर लड़ाई को बना दिया है रोमांचक

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड का कोल्हान क्षेत्र हमेशा से राजनीतिक चर्चा के केंद्र में रहा है। राज्य को चार मुख्यमंत्री देनेवाला यह क्षेत्र तीन जिलों, चाइबासा, जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां को लेकर बना है। यहां लोकसभा की दो और विधानसभा की 14 सीटें हैं। इस क्षेत्र ने सियासत के कई रंग देखे हैं, तो कई रंग दिखाये भी हैं। इन रंगों में डूबते-उतराते कोल्हान के राजनीतिक माहौल को समझना आसान नहीं है। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान ने भाजपा को करारा झटका दिया था और झामुमो-कांग्रेस की आंधी ने उसका यहां से न केवल सूपड़ा साफ कर दिया था, बल्कि झारखंड की सत्ता से भी वह बेदखल हो गयी थी। लेकिन पिछले पांच साल में यहां बहुत कुछ बदल गया है। यहां की राजनीति भी कई करवटें बदल चुकी है। अब भाजपा जहां 2019 के परिणाम को किसी बुरे सपने की तरह भूल गयी है, वहीं झामुमो-कांग्रेस ने अपने इस दुर्ग को बचाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाये हैं। कोल्हान में भाजपा की ताकत में बहुत इजाफा हुआ है। यहां झामुमो के सबसे कद्दावर नेता चंपाई सोरेन के अलावा चाइबासा की सियासत के डार्क हॉर्स मधु कोड़ा उसके साथ हैं। इन दोनों नेताओं की बदौलत भाजपा 2019 के परिणाम को बदलने के लिए छटपटा रही है, लेकिन झामुमो की किलेबंदी में दरार पैदा करने में उसे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा यहां की 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके सभी प्रत्याशी नये हैं। उधर झामुमो ने सरायकेला में चंपाई सोरेन को घेरने के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी रहे गणेश महली पर दांव लगाया है। इन 14 सीटों पर मतदान 13 नवंबर को है। क्या है कोल्हान की 14 विधानसभा सीटों का माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का कोल्हान प्रमंडल सियासी तौर पर कितना ताकतवर है, यह इसी बात से साबित होता है कि इस राज्य को चार मुख्यमंत्री इसी क्षेत्र ने दिये हैं। यह भी संयोग ही है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में इन चारों पूर्व मुख्यमंत्रियों के रिश्तेदार मैदान में उतरे हैं और सभी भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं। कोल्हान के साथ यह भी अजीब संयोग है कि राज्य को चार मुख्यमंत्री देनेवाला यह क्षेत्र झामुमो का गढ़ माना जाता है। यहां की सरायकेला सीट, जो इस बार हॉट सीट है, से झामुमो राज्य गठन के बाद से अब तक अपराजेय रही है। यहां से झामुमो का परचम चंपाई सोरेन लहराते रहे हैं, जो इस बार भाजपा के साथ हैं। भाजपा के लिए 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजे बेहद निराशाजनक रहे थे। कोल्हान की सभी 14 विधानसभा सीटों पर पार्टी हार गयी थी।

### पिछले चुनाव में चली थी झामुमो की लहर

2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान में झामुमो ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। उसने यहां गठबंधन में चुनाव लड़ते हुए 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी। दो सीटें कांग्रेस को मिली थी और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीते थे।

### भाजपा ने सभी उम्मीदवार बदले

इस बार भाजपा ने आक्रामक और सधे हुए कदमों से आगे बढ़ते हुए कोल्हान के मैदान में सियासी बिसात बिछायी है। पार्टी यहां पर गठबंधन में 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सभी 10 सीटों पर पार्टी ने नये उम्मीदवार उतारे हैं। यानी 2019 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने वाले नेताओं को पार्टी ने इस बार दांव नहीं लगाया है। सरायकेला से उसके प्रत्याशी चंपाई सोरेन हैं, जो पिछले 20 साल से झामुमो के टिकट पर चुने जीतते रहे हैं। कोल्हान की बची हुई सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल आजसू और जदयू ने क्रमशः तीन और एक सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी ने लोकसभा चुनाव में शिकस्त खाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को पोटका से टिकट दिया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को भी जमशेदपुर पूर्व से उतारा गया है। पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर सीट से भाजपा की प्रत्याशी हैं, तो घाटशिला सीट से चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा हेमंत सोरेन कैबिनेट के तीन मंत्री, बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुवा और रामदास सोरेन भी मैदान में हैं। बन्ना गुप्ता कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जमशेदपुर पश्चिम से, दीपक बिरुवा झामुमो के टिकट पर चाइबासा से और रामदास सोरेन झामुमो के टिकट पर घाटशिला से मैदान में हैं।




### सरायकेलाः कोल्हान टाइगर का भविष्य दांव पर

कोल्हान की सबसे हॉट सीट सरायकेला है। भाजपा ने यहां से कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन को टिकट दिया है। उनके खिलाफ झामुमो ने भाजपा के पुराने नेता गणेश महली को उतारा है। यहां दोनों के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंड बनने के बाद 2005 से सरायकेला सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा रहा है। यहां से चंपाई सोरेन झामुमो के सिंबल पर लगातार चुनाव जीतते रहे हैं। चंपाई अब भाजपा में हैं। सरायकेला में सबसे ज्यादा वोटर आदिवासी हैं। अब तक इनकी बड़ी आबादी झामुमो का साथ देती आयी है। अब चंपाई के पाला बदलने के बाद यहां पेंच फंस गया है। आदिवासी वोटरों का भरोसा अगर झामुमो पर कायम रहा, तो गणेश महली को पहली बार इस सीट पर जीत मिल सकती है। हालांकि चंपाई सोरेन भी कम असरदार नहीं हैं।

### घाटशिलाः दो सोरेन के बीच जंग

भाजपा ने इस बार घाटशिला सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट देकर मुकाबले को रोचक कर दिया है। यहां उनके सामने झामुमो उम्मीदवार के तौर पर राज्य के जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन हैं। रामदास अब तक यहां के पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें दो बार वे विजयी हुए हैं, जबकि बाबूलाल सोरेन पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अपने बेटे को जिताने के लिए चंपाई सोरेन पूरा जोर लगा रहे हैं। वहीं रामदास सोरेन को जिताने के लिए झामुमो रेस है। घाटशिला संथाल बहुल क्षेत्र है। दोनों प्रत्याशी बाबूलाल और रामदास संथाली ही हैं। ऐसे में संथाल मतों में विभाजन होगा। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। यहां 1,22,564 पुरुष मतदाता हैं, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,26,649 है। हर बार यहां जीत हार महिला मतदाता ही तय करती रही हैं। इस बार भी महिलाओं का रुख ही तय करेगा कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा।

### जगन्नाथपुरः गीता कोड़ा के सामने विश्वासपात्र रहे सोनाराम सिंकू

जगन्नाथपुर विधानसभा सीट पर इस बार लड़ाई दिलचस्प है। कोड़ा परिवार के दबदबे वाली इस सीट पर पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी और भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के सामने कांग्रेस के सोनाराम सिंकू हैं। सिंकू कभी मधु कोड़ा के विश्वासपात्र हुआ करते थे। उनको 2019 में जिताने में कोड़ा परिवार ने काफी मेहनत की थी। 2019 में कोड़ा परिवार से कोई चुनाव नहीं लड़ा था, क्योंकि गीता कोड़ा लोकसभा चुनाव जीत गयी थीं। 2000 से 2014 तक हुए विधानसभा चुनाव में दो बार मधु कोड़ा, तो दो बार गीता कोड़ा यहां से विधायक चुनी गयी थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा दूसरे नंबर पर रही थी। अब उसका विलय भाजपा में हो गया है, जो गीता कोड़ा के लिए फायदेमंद है। इस सीट पर कोड़ा परिवार का व्यक्तिगत आधार भी है। वहीं, कांग्रेस ने पिछली बार 1985 के बाद इस सीट पर जीत दर्ज की थी। तब कहा गया था कि ये चुनाव कांग्रेस नहीं, कोड़ा परिवार लड़ रहा था। अभी कांग्रेस का संगठन कमजोर है।

### जमशेदपुर पश्चिमः भितरघात और एंटी इनकंबेंसी से तय होगा जीत-हार का अंतर

पिछले विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी सीट पर तत्कालीन सीएम रघुवर दास को हरानेवाले सरयू राय इस बार जमशेदपुर पश्चिमी से चुनावी दंगल में उतरे हैं। इस बार उनका मुकाबला उनके चिर-प्रतिद्वंद्वी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से है। राय और गुप्ता यहां तीन बार दो-दो हाथ कर चुके हैं। राय ने दो और बन्ना ने एक बार जीत दर्ज की है। अबकी चौथी बार आमने-सामने होंगे। दोनों एक-दूसरे की कमजोरी और मजबूती से भली-भांति वाकिफ हैं।

### जमशेदपुर पूर्व : भाजपा-कांग्रेस दोनों को भितरघात का डर

2019 में तत्कालीन सीएम रघुवर दास को निर्दलीय मैदान में उतर कर उनके ही मंत्रिमंडल में रह चुके सरयू राय ने हराया था। अब परिदृश्य बदल गया है। सरयू पश्चिम चले गये हैं। रघुवर राज्यपाल बन कर ओड़िशा जा चुके हैं। उनकी बहू पूर्णिमा दास भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। उनका सामना कांग्रेस के डॉ अजय कुमार से है। दोनों पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों को जीत का भरोसा है। पर इस भरोसे को उनके ही दल के लोग पलीता लगाने में जुटे हैं। भाजपा के शिवशंकर सिंह और राजकुमार सिंह निर्दलीय मैदान में हैं।

### पोटकाः दांव पर अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा

यहां से झामुमो ने अपने सीटिंग विधायक संजीव सरदार पर फिर विश्वास जताया है। इस बार उनका मुकाबला पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा से है। मीरा पहली बार चुनाव मैदान में हैं। संजीव अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्य को मुद्दा बनाकर लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं मीरा लोगों को बता रहीं हैं कि विकास के मायने सिर्फ इतने ही नहीं हैं। दरअसल शहर के कुछ हिस्सों से यह सीट जुड़ी है, पर अधिकतर हिस्सा ग्रामीण है। वहां समस्याओं का अंबार है। विकास के वादे जिनके मजबूत होंगे, वे जीत के उतने ही करीब होंगे। पोटका सीट पर 50% आदिवासी और मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका निर्णायक है।

### चाइबासाः दीपक के सामने गीता बलमुचू की चुनौती

कोल्हान के प्रमंडलीय मुख्यालय चाइबासा से हैट्रिक लगा चुके झामुमो प्रत्याशी दीपक बिरुवा का मुकाबला एनडीए की गीता बलमुचू से है। भाजपा ने चाइबासा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष गीता को मैदान में उतार कर मुकाबले को रोचक बना दिया है। दीपक बिरुवा 2009 में बागुन सुंब्रई (कांग्रेस) को हरा कर पहली बार झामुमो के विधायक बने थे। दीपक ने 2014 और 2019 में भाजपा प्रत्याशी ज्योति भ्रमर तुबिद को हरा कर इस सीट पर कब्जा बनाये रखा और जीत की हैट्रिक भी लगायी।

---

# रातू रोड में पीएम का होगा ऐतिहासिक स्वागत : संजय सेठ

## पीएम के रोड शो से पहले ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक निकाली पदयात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी के निमित्त शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने ओटीसी मैदान से न्यू मार्केट चौक तक पदयात्रा कर लोगों से रविवार के प्रधानमंत्री के स्वागत में आने की अपील की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आयेंगे।

**ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री का स्वागत :** रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आइटीआइ के समीप की गयी है।



### लोगों में दिख रहा उत्साह

**इस दौरान सेठ ने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। महिलाओं के द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनायी जा रही है। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची सहित रातू रोड के नागरिकों से यह आह्वान किया है कि प्रधानमंत्री के स्मृति में यह रोड शो और उनका अभिनंदन ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी कार्य करें।**

इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जायेगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूरे रातू रोड के विभिन्न स्थानों पर ढोल, ताशा और परंपरागत यंत्र, वादन सहित भजन सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके स्वागत में किये जायेंगे।

इस कार्यक्रम में पंडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे, सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे सहित सत्यनारायण सिंह, ललित ओझा, संजय जयसवाल, हरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, सुरेश सिंह, ललन सिंह, संजीव चौधरी, अंबिका तिवारी, अंकित वर्मा, बबीता सिंह, रेणुका सिंह, मिथिलेश केसरी, कुमुद झा सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

---

# जेएमएम की सरकार सहारा निवेशकों का पैसा दिलायेगी : विनोद पांडेय

**चुनाव आया तो अमित शाह को सहारा में डूबे निवेशकों के 40 हजार करोड़ रुपये की याद आयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय सचिव विनोद कुमार पांडेय ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी पर सहारा निवेशकों का पैसा नहीं लौटाने का आरोप लगाया। पांडेय ने कहा कि बीजेपी की ओर से हाल के दिनों में अखबारों में एक विज्ञापन दिया गया। इस विज्ञापन में बीजेपी की ओर से वादा किया गया है कि सहारा निवेशकों को पैसा जल्द से जल्द वापस किया जायेगा। पांडेय ने कहा कि सहारा निवेशकों का पैसा दिलाने का मामला जिस मंत्रालय में आता है, वो मंत्रालय अमित शाह के मंत्रालय के अधीन आता है। कहा कि घोटाले का ये मामला सहकारिता विभाग से जुड़ा हुआ है और सहकारिता विभाग अमित शाह के मंत्रालय के अधीन है।



जेएमएम नेता ने आगे कहा कि सहारा में झारखंड के लगभग 1.50 करोड़ लोगों ने निवेश किया है। ये राशि लगभग 20 हजार करोड़ होती है। साथ ही इसमें अगर ब्याज जोड़ दिया जाये तो ये राशि बढ़कर 40 हजार करोड़ हो जाती है। कहा कि इसमें निवेश करने वाले कई लोगों ने आत्महत्या कर ली। झारखंड में कुछ लोगों की जान पैसा डूबने से सदमे में चली गयी। लेकिन बीजेपी की ओर से अभी चुनाव के समय इसे लौटान की घोषणा की जा रही है। पांडेय ने आगे कहा कि इसी अमित शाह ने 19 जुलाई 2023 में घोषणा की थी सहारा निवेशकों को पैसा 4 महीने में लौटा दिया जायेगा। लेकिन आजतक सहारा निवेशकों का पैसा नहीं मिला।

पांडेय ने कहा कि इस बीच बीजेपी की सरकार की ओर से एक पोर्टल बनाकर निवेशकों को इसमें आवेदन करने के लिए कहा गया। लेकिन 99 फीसद आवेदन रिजेक्ट कर दिये गये। नाम मात्र के लोगों को पैसा दिये जाने की जानकारी मिली है। कहा कि ये सब तब हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बीजेपी सरकार को फटकार लगायी। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सहारा की प्रॉपर्टी को बेचकर 25000 करोड़ रुपये जमा किये गये। इसी पैसे को पोर्टल में आये आवेदन के जरिये लोगों को लौटाना था। लेकिन ये भी नहीं लौटाया गया। 99 फीसद आवेदन रद्द कर दिये गये। कहा कि एक बार फिर साबित हुआ कि बीजेपी जुमलेबाजों की पार्टी है। ये जुमलेबाज लोग हैं। अभी चुनाव का समय आया तो इनको सहारा निवेशकों का पैसा याद आया और लोगों की पीड़ा समझ में आयी। पांडेय ने कहा कि जेएमएम की सरकार सहारा निवेशकों का पैसा दिलायेगी। सहारा निवेशकों के साथ हर तरह की लड़ाई लड़ेगी। चाहे ये लड़ाई संसद में लड़नी पड़े, सड़क पर लड़नी पड़े या कोर्ट में जाना पड़े। कहा कि सहारा निवेशकों को पैसा वापस दिलाने तक हमारी सरकार उनके साथ खड़ा रहेगी। कहा सहारा निवेशकों को जेएमएम आश्वस्त करना चाहता है कि उनका पैसा वापस दिलाने तक हम चैन से नहीं रहेंगे। ये मोर्चा का वादा है। बता दें कि आज की इस प्रेस वार्ता में विनोद पांडेय के साथ सहारा के दो निवेशक भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कैसे उनके साथ धोखाधड़ी की गयी। लेकिन पैसा नहीं मिला है।





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 27.2 °c | 17.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.06 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.58 बजे | |

हजारीबाग में आयोजित विजय संकल्प सभा में जम कर गरजे अमित शाह, कहा

# भाजपा सरकार बनने पर पहली रामनवमी में मैं खुद हजारीबाग आऊंगा, देखता हूं कौन हिंदुओं को रोकता है

**झारखंड में भ्रष्टाचारियों की सरकार है, इस चुनाव में उखाड़ कर फेक दें**

उमेश पांडेय

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली रामनवमी में मैं खुद हजारीबाग आऊंगा। देखता हूं कि कौन हिंदुओं को रोकता है। गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों की सरकार है। इस चुनाव में इसे उखाड़ कर फेंक दें। पिछले 5 वर्षों में गठबंधन की सरकार ने भ्रष्टाचार का नया आयाम हासिल किया है। इन्हें जनता के विकास से कोई मतलब नहीं है। पेपर



लीक का मामला हो या मनरेगा में भ्रष्टाचार का या फिर अवैध तरीके से धन अर्जित करने का मामला हो। इस सरकार के मंत्री अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के नौकर के यहां से 30 करोड़ बरामद होना, कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद के पूर्व सांसद धीरज साहू के घर से साढ़े 300 करोड़ का बरामद होना यह बताता है कि किस तरह से सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है।

सरकार के मुखिया और उनके सहयोगी जनता का धन लूट कर अपना धन बनाने में लगे हुए हैं। अगर राय को बचाना है, तो आगामी विधानसभा चुनाव में 13 तारीख को कमल फूल पर बटन दबाकर हजारीबाग शहर विधानसभा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद और मांडू से पार्टी की उम्मीदवार निर्मल महतो तिवारी महतो को बहुमत से विजयी बनायें। श्री शाह ने कहा कि झारखंड की सरकार तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। मुसलमान को खुश करने के लिए हजारीबाग के रामनवमी पर बैन लगाया जाता है, यहां डीजे बजाने तक की छूट नहीं दी जाती है। अगर इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बनी, तो रामनवमी को उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा। साथ ही सरकार इसके स्वागत में रहेगी और आने वाले रामनवमी में हम खुद यहां शामिल होकर रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश में आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने अमेरिका में कहा था कि भारत में आरक्षण की जरूरत नहीं है। वह पिछड़ों का आरक्षण छीनना चाहते हैं, जिसका भाजपा हरसंभव विरोध ही नहीं कर रही है, बल्कि उनको उनके मनसूबों में कामयाब नहीं होने देगी और जब तक केंद्र में भाजपा की सरकार है, टीचरों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता है।

# आदिवासियों को डराने-धमकाने का काम करती है भाजपा : हेमंत

**राज्य के पहले मुख्यमंत्री ने ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से काट कर 14 प्रतिशत कर दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर/बहरागोड़ा/पोटका।** यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि झारखंड राज्य के पहले मुख्यमंत्री ने ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं। वे मांडर के बूढ़ाखुखरा मैदान में शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के पक्ष आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा आदिवासियों



और मूलवासियों के अधिकार की बात करने वाले नेता बंधु तिर्की को भाजपा ने सुनियोजित तरीके से चुनाव लड़ने से रोक दिया। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में बहरागोड़ा में चुनावी सभा की। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को पोटका में चुनावी सभा को संबोधित किया। सीएम ने यहां झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार के समर्थन में लोगों से वोट करने की अपील की।

हेमंत ने मांडर में कहा कि भाजपा आदिवासियों को डराने धमकाने का काम करती है, लेकिन झारखंड के आदिवासी डरने वाले नहीं हैं। झारखंड में एक तरफ बड़ी-बड़ी फौज खड़ी है, वहीं दूसरी तरफ गरीब, दलित, मूलवासी और आदिवासी अपने स्वाभिमान की लड़ाई के लिए खड़ा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर तंज कसते हुए कहा कि वे पिछले एक साल से झारखंड में घूम रहे हैं। असम में आदिवासी महिलाओं के साथ क्या हो रहा है, इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री क्यों नहीं बोलते। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना और केसीसी ऋण माफी योजना की चर्चा की और कहा कि गठबंधन सरकार हमेशा से आदिवासियों और मूलवासियों के हित को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष किया है और हमेशा करती रहेगी।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अनगड़ा में महिलाओं के साथ किया संवाद

# हेमंत सरकार में बालू ब्लैक मार्केट में बिक रहा: बाबूलाल

**झारखंड के लोगों को महागठबंधन सरकार ने छलने का काम किया**

**वादा 2000 रुपये देने का किया था, दिया सिर्फ 1000 रुपये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को अनगड़ा प्रखंड के सुदूरवर्ती नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में जनजातीय महिलाओं के साथ संवाद किया। आसपास के गांव से काफी संख्या में महिलाएं संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। बाद में कार्यक्रम में शामिल होने खिजरी विस के भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन भी पहुंचे। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने महिलाओं से क्षेत्र की समस्याओं को जाना। बोले झारखंड के लोगों को महागठबंधन सरकार ने छलने का काम किया है, जनता ने महागठबंधन को 2019 में जनादेश दिया था, लेकिन आशा के अनुरूप कोई काम नहीं हुआ। इस बार पूरे राज्य में बदलाव की बयार बह रही है। कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत से एनडीए सरकार बनेगी, भाजपा ने झारखंड बनाया है, विकास भी भाजपा ही करेगी। हेमंत सोरेन ने चुनाव पूर्व कहा था कि महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये चूल्हा खर्चा देंगे। 5 लाख बेरोजगारों को प्रतिवर्ष नौकरी देंगे। नौकरी नहीं दे पाये, तो हर बेरोजगार को 5 से 7 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। सरकार बनते ही सारे वादे भूल गये। उन्होंने साढ़े चार साल कुछ नहीं किया। जब चुनाव को 2 महीने बचे थे, तब मंईयां सम्मान योजना लेकर आये। इस तरह उन्होंने 5 साल को 2 महीना बना दिया। वादा 2000 रुपये देने का किया था, दिया सिर्फ 1000 रुपये। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को गांव और आदिवासियों की चिंता नहीं है। राज्य में बालू की ब्लैक मार्केटिंग चल रही है, दूबारा उनकी सरकार बनेगी तो बालू सोना के दुकानों पर मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन सिकिदिरी भाजपा मंडल प्रभारी जैलेंद्र कुमार ने किया जबकि स्वागत सत्यदेव मुंडा व बुधराम बेदिया ने किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया ने किया। इससे पूर्व बाबूलाल मरांडी ने अनगड़ा, गेतलसूद व खंभावन में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, सुनील महतो, कामेश्वर महतो, सुजीत सोनी, जगेश्वर महतो, मनोज कुमार चौधरी, पंचम भोगता, बिगेश्वर महतो, अघनू महतो, बन्नू बेदिया, एतवा बेदिया, संगीता देवी, काजल विश्वकर्मा, रोहित बेदिया, सत्यपाल राउत, सोहन बेदिया, दशैया बेदिया, पंचमी देवी, आशा देवी, दशमी देवी, लक्ष्मी कुमारी, पुशनाथ मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव में सभी बूथों की होगी सीसीटीवी से निगरानी : के रवि कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में हर मतगणना केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसीलिए मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ वेबकास्टिंग की मदद से मुख्य निर्वाचन कार्यालय से भी नजर रखी जायेगी।

**मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों के पास एएसडी सूची रहेगी :** उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान इन्हीं माध्यमों से तीन गलतियां प्रकाश में आयी थीं, जिन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों के पास एएसडी सूची रहेगी। सूची में जिनका निधन हो गया है, जो कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर गये हैं और अनुपस्थित मतदाता हैं, उन सभी का डिटेल रहेगा। इससे डुप्लीकेसी की संभावना नहीं के बराबर रहेगी।

### 1 अरब, 66 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। इसमें सबसे अधिक राज्य पुलिस ने 121 करोड़ 96 लाख की जब्ती की है। वाणिज्य कर विभाग ने 8.43 करोड़, आबकारी विभाग ने 7.31 करोड़, वन विभाग ने 7.22 करोड़ और आयकर विभाग ने 1.62 करोड़ की जब्ती की है।

## चुनाव आयोग ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर तेवर तल्ख किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग द्वारा महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणियां करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। मिली खबरों के मुताबिक, आयोग द्वारा राजनीतिक दलों और नेताओं को नसीहत दी गयी है कि चुनाव प्रचार के दौरान या सार्वजनिक जीवन में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक और अशोभनीय टिप्पणियों से बचना चाहिए। यह निर्देश आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य भर के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में जारी किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची नगर निगम की अनोखी पहल, उंगली पर वोट की स्याही दिखा कर लें नि:शुल्क सुविधा का लाभ





रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने है। पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 2 नवंबर को होगा। रांची में 13 नवंबर को वोटिंग होगी। शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान के प्रति उत्साह-वर्धन के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रांची नगर निगम ने भी विशेष पहल की है। मतदान दिवस यानी 13 नवंबर को मतदान करने वाले नागरिकों के लिए निगम कई सुविधाएं उपलब्ध करायेगा। इसके तहत नागरिक अपनी उंगली पर स्याही दिखाकर निशुल्क सिटी बस में यात्रा कर सकते हैं। वहीं निगम क्षेत्र अंतर्गत उपलब्ध पार्किंग में निशुल्क वाहन पार्क कर सकते हैं। यानी निगम उनका वाहन पड़ाव शुल्क माफ कर देगा। साथ ही निगम के पार्कों में चुनाव के दिन मतदान करने वाले नागरिक और उनके परिवार के नाबालिक सदस्य बिना प्रवेश शुल्क दिये पार्कों में प्रवेश कर सकते हैं।

### देश के अल्पसंख्यकों को डरा रहे अमित शाह : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने गृह मंत्री के द्वारा पोटका में दिये गये बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के गृह मंत्री का काम होता है कि देश में निवास करने वाले सभी देशवासियों की रक्षा करे, उन्हें हक और अधिकार दिलायें, किसी के साथ भेदभाव नहीं हो, राष्ट्र में शांति व्यवस्था बहाल रहे और लोग अमन चैन से रह सकें। श्री शाहदेव ने कहा कि अमित शाह देश के पहले गृह मंत्री होंगे जो किसी खास धर्म को टारगेट करते हैं, और कहते हैं कि एनआरसी लागू किया जायेगा, उनका हमेशा यह प्रयास होता है कि देश के अल्पसंख्यकों को डराकर रखा जाये। वहीं चुनाव के वक्त यह प्रयास और तेज हो जाता है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय मतदान करने नहीं जायें। हमारे नेता राहुल गांधी इन्हीं कारणों से संविधान की रक्षा करने की बात करते हैं, क्योंकि संविधान ने देश के सभी नागरिकों को एक समान अधिकार दिया है। श्री शाहदेव ने कहा पोटका में गृह मंत्री ने जो वादे किये वह जुमला ही साबित होंगे। वहीं दूसरी ओर श्री शाहदेव ने झारखंड भाजपा के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री के राहुल गांधी पर दिये गये बयान पर तंज कसते हुए कहा कि, यह सही बात है कि भारत का संविधान आने से पहले भगवान बिरसा मुंडा इस दुनिया से चले गये थे। असम के मुख्यमंत्री राहुल गांधी की बातों को समझ कर भी नहीं समझना चाहते हैं क्योंकि उनको राहुल गांधी पर व्यंग करना होता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भी अंग्रेजों के खिलाफ लड़े, अपने जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए। श्री शाहदेव ने कहा असम के मुख्यमंत्री झारखंड में धार्मिक भावना भड़काकर समाज को बांटना चाहते हैं जो हम होने नहीं देंगे।

# लोगों से मिले स्नेह और प्यार से अभिभूत हूं : नवीन जयसवाल

## भाजपा से हटिया प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने की पदयात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ भाजपा से हटिया प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने हेहल जतरा मैदान, बगीचा टोली, बजरा स्कूल, नया सराय कल्लू मैदान, आनी चौक, भवानी पुर, कृष्णा कॉलोनी, नवनीत नगर, काली मंदिर रोड, झंडा चौक, बाजार मुहल्ला, तुलसी चौक, डोरंडा, कटहल मुहल्ला, हटिया सिंह मोड़, लटमा, गढ़ा टोली, पीपर टोली बस्ती, नीचे हटिया, डोमन नगर, न्यू पीपर टोली, सरई नगर, आदि विभिन्न मुहल्लों मे पदयात्रा व जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद लिया। हटिया प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने कहा कि स्थानीय लोगों से मिले स्नेह और प्यार से अभिभूत हूं। इस बार जनता ने जैसे ये तय कर लिया है। भाजपा प्रत्याशी के साथ मुख्य रूप से सुबेश पांडेय, पीयूष साहू, अजीत भगत, राजेश तिर्की, सुजीत केसरी, राकेश केसरी, जय किशन महतो, श्याम मुंडा, कमलेश ओदार, शंकर बैठा, अर्जुन बैठा, कुणाल सहदेव, दीपक केसरी, राम मनोज साहू, संतोष मिश्रा, राकेश सिंह गुड्डु, पवन आर्या, विशाल कुमार सिंह, लाल प्रमोद नाथ सहदेव, समुंदर मिर्धा, पीयूष विजयवर्गीय, विवेक कुमार, महेश विजय, अभिजित गुप्ता, मंटू लाल, मनोज वर्मा, प्रदीप पांडेय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# जेएमएम प्रत्याशी महुआ माजी ने चैंबर के संवाद में लिया हिस्सा

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार महुआ माजी ने शनिवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा थे। इस टॉक शो में महुआ माजी ने विभिन्न मुद्दों पर व्यवसायिक समुदाय के सवालों का विस्तारपूर्वक और संतोषजनक उत्तर दिया। उनके उत्तरों में उन्होंने अपने द्वारा उठाये गये कई ठोस कदमों का जिक्र किया, जिससे उन्होंने यह साबित किया कि वह व्यापारिक समुदाय की जरूरतों को लेकर गंभीर हैं।

**झामुमो आयी तो भवन नियमितीकरण विधेयक पास होगा :** महुआ माजी ने विशेष रूप से कृषि उपज बाजार कर के उन्मूलन का समर्थन किया। बताया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है, तो इस कर को समाप्त करने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेगी। बताया कि उनके प्रयासों से भवन नियमितीकरण विधेयक लाया गया था, लेकिन राजनीतिक परिस्थितियों के चलते इसे पास नहीं किया जा सका। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब अपर बाजार क्षेत्र में भवनों के ध्वस्तीकरण का मामला आया था, तो उन्होंने लोगों के साथ खड़े होकर प्रशासन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी तो भवन नियमितीकरण विधेयक को पास करवाकर व्यवसायियों को राहत प्रदान किया जायेगा।

# झारखंड में भाजपा का बुलडोजर नहीं, गठबंधन के विकास की गाड़ी दौड़ेगी : कल्पना सोरेन







रांची में महुआ माजी के समर्थन में लोगों को संबोधित करतीं कल्पना सोरेन।



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भाजपा-आजसू वालों ने हमेशा झारखंडी मुद्दों को दरकिनार किया है**

**भाजपा ने पिछड़ा समाज का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत करने का काम किया**

**बड़कागांव/भरनो/रांची।** जिले के बड़कागांव विधानसभा में शनिवार को कल्पना मुर्मू सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना ने बड़कागांव प्लस टू हाइस्कूल मैदान से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और वर्तमान विधायक अंबा प्रसाद के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। वहीं रांची में जेएमएम की प्रत्याशी महुआ माजी के समर्थन में रोड शो किया।

बड़कागांव में कल्पना ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत होगी और ये सही मायनों में बड़कागांव की बेटी यानी अंबा प्रसाद की जीत होगी। कहा कि झारखंड में भाजपा का फर्जी बुलडोजर नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन के विकास की गाड़ी दौड़ेगी। सभा की अध्यक्षता झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे और संचालन इंद्रदेव राम, रविंद्र गुप्ता ने की। वहीं कल्पना सोरेन भरनो स्थित हाइस्कूल मैदान में शनिवार को सिसई विधानसभा के प्रत्याशी जीगा सुसारन होरो के पक्ष में भी चुनावी सभा की।

कल्पना ने आगे कहा, भाजपा-आजसू वालों ने हमेशा झारखंडी मुद्दों को दरकिनार किया है। विस्थापितों के मुद्दों को दरकिनार किया है। इन्हें झारखंडवासियों से कोई मतलब नहीं है। कहा, अगर किसी ने करोड़ों झारखंडवासियों के लिए काम किया है तो वो हेमंत की सरकार ने किया है। कहा कि भाजपा ने झारखंड में पिछड़ा समाज का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत करने का काम किया था। जब भी झारखंडी मुद्दों की बात आती है, भाजपा-आजसू हर बार विरोध में उतर जाती है। इतनी चिढ़ क्यों है भाजपा-आजसू को झारखंड के लोगों से।

कहा कि नेक इरादों के साथ आपकी हेमंत सरकार करोड़ों राज्यवासियों को हक-अधिकार देने का काम कर रही है, खुशियों का उपहार देने का काम कर रही है। इसलिए अंबा का हाथ मजबूत कीजिये। कहा कि दिशोम गुरुजी और झारखंड के हमारे अगुआ साथियों के संघर्ष के बदौलत हमें झारखंडी पहचान मिली। आज हेमंत जी और सभी साथी हमारे क्रांतिकारियों के संघर्षों को सम्मान देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मौके मुख्य रूप से सोनाराम मांझी, संजय करमाली, दीपक करमाली, बिंदु कुमार दांगी, दशरथ महतो, संजय भुईंया, राजेंद्र भुईंया, रोहित सिंह, गौतम कुशवाहा, नरेंद्र राम, रणजीत पंडित, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, कुलदीप तिवारी, चंद्रिका साहू, मनोज ठाकुर उपस्थित थे।

## सुनील श्रीवास्तव के घर छापेमारी, विपक्षी नेताओं पर मानसिक दबाव बनाने का प्रयास: राकेश सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव के आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी पर चर्चा करते हुए कहा है कि यह झारखंड में कोई नयी बात नहीं है। यहां पर विपक्षी नेताओं और उनके व्यक्तिगत संबंधियों पर आयकर की छापेमारी लगातार हो रही है। राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा अब अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए इनकम टैक्स और इडी के माध्यम से छापेमारी करने की कोशिश कर रही है। लेकिन यहां की जनता ने पहले ही इसे ठुकरा दिया है। ऐसे कदम उठाकर, वे केवल विपक्षी नेताओं पर मानसिक दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# गौ सेवा सच्ची सेवा : भगवती प्रसाद सर्राफ

**गौ भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ गोपाष्टमी महोत्सव मनाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** गौशाला न्यास द्वारा 120 वां वार्षिक श्री कृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव को बड़े ही धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन भगवती प्रसाद सर्राफ सपरिवार कर कार्यक्रम की शुरूआत की उसके पश्चात को पूजन को दर्शन एवं तुलादान का कार्यक्रम किया गया। प्रातः 8:00 से इस्कॉन मंदिर रांची द्वारा भजन हरे रामा हरे कृष्णा का कार्यक्रम किया गया। उसके पश्चात संध्या 6:00 बजे से दानदाताओं एवं सहयोगियों का सम्मान में संजय सेठ रक्षा राज्य मंत्री, पुष्पा देवी पोद्दार, प्रेमसंस मोटर, राजीव रंजन प्रसाद, भगवती प्रसाद सर्राफ, आनंद पसारी, कलसी कंस्ट्रक्शन, राजेश चौधरी, प्रेम आर्या, पंकज पोद्दार, संतोष माध्ययान, दुर्गा प्रसाद शुक्ला चंद्रकांत रायपत एवं सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विश्व प्रसिद्ध गायक कैलाश पूजा अनुज द्वारा संध्या 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक मधुर भजन की गंगा प्रवाहित की गयी। जिसे सुनकर सभी गौ भक्त आनंद विभोर हुए। शनिवार के महोत्सव में सभी गौ भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ गोपाष्टमी महोत्सव मनाया।

रांची गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने समाज के सभी वर्गों का धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि रांची गौशाला न्यास द्वारा बहुत जल्द बायोगैस संयंत्र की स्थापना करने जा रहा है। जिससे रांची गौशाला आने वाले समय में आत्मनिर्भर होकर काम करेगी। महोत्सव संयोजक भगवती प्रसाद सर्राफ ने सभी रांची वासी एवं गौ भक्तों के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। शहर में 11 विभिन्न स्थानों पर गाय बछड़ा सहित गौ पूजन की व्यवस्था की गई। चांदनी चौक कांके रोड ,बसंत बिहार कांके रोड, श्री कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड, हरिओम टावर सर्कुलर रोड, दुर्गा मंदिर बकरी बाजार, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा सदन पथ, सीएन होंडा शोरूम बरियातू रोड, पहाड़ी मंदिर विकास समिति पहाड़ी मंदिर, चुटिया धर्मशाला चुटिया, सहजानंद चौक हरमू रोड में गौ पूजन हुआ। रांची गौशाला न्यास के उपाध्यक्ष सह न्यासी अध्यक्ष रतन जालान ने कहा कि गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष सह न्यासी अध्यक्ष रतन जालान, ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता, ओम प्रकाश छापड़िया, राजकुमार टिंबडेवाल, सतीश कुमार तुलस्यान राजकुमार केडिया, किशोरी लाल चौधरी, सज्जन कुमार सर्राफ, मंत्री प्रदीप राजगढ़िया कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, उपाध्यक्ष एस एन राजगढ़िया, उपमंत्री सुरेश कुमार जैन, राजेंद्र बंसल कार्यकारिणी सदस्य काशी प्रसाद कनोई, आर के चौधरी, आनंद पसारी, हेमेंद्र सिंह, अरुण बुधिया, प्रेम मित्तल, ओपी लाल, गजानंद अग्रवाल, प्रमोद बजाज (मिठु), प्रकाश काबरा, भरत बगड़िया, मनीष लोधा, पवन केडिया, घनश्याम शर्मा, मदन बगड़िया ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया यह जानकारी प्रवक्ता मनीष लोधा ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



### सीएम हेमंत के राहुल गांधी से मुलाकात पर हिमंता ने कहा-

# झारखंड के आदिवासी नेता क्यों गांधी परिवार के सामने ऐसे हाथ जोड़ रहे हैं?





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी झारखंड दौरे पर हैं। इस दौरान वे रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया। साथ ही इसकी तस्वीर भी साझा की और लिखा, 'आज रांची एयरपोर्ट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात हुई। इस पर बीजेपी सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर फोटो साझा करते हुए लिखा, 'झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता और माननीय मुख्यमंत्री क्यों गांधी परिवार के सामने ऐसे हाथ जोड़ रहे हैं?'।

बता दें कि शनिवार को राहुल गांधी जमशेदपुर गये थे। वहां उन्होंने सोनारी एयरपोर्ट से मानगो तक रोड शो किया। इस दौरान वह केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि ये जो लड़ाई चल रही है झारखंड के चुनाव में वह लड़ाई विचार धारा की है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस। एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा, इज्जत दूसरी तरफ नफरत, हिंसा और अहंकार।

# जैसे हम प्रचार करते हैं, वैसे ही एजेंसियां अपना काम करती हैं : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मारांडी ने कहा कि एजेंसियां अपना काम कर रही हैं।



जैसे हम अपना कार्य और प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, वैसे ही वे भी अपना काम करने का अधिकार रखती हैं। बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सबसे पहले झारखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश में बड़े कारखाने और बांधों का निर्माण किया गया और इसके कारण लोग बेघर हुए, लेकिन उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला है। उन्हें उन लोगों से माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने इस अन्याय को झेला है।

## जगन्नाथ उरांव को झामुमो ने 6 साल के लिए किया निष्कासित

**बिशुनपुर।** बिशनपुर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे जगन्नाथ उरांव को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश महासचिव विनोद पांडेय ने एक पत्र जारी करते हुए आगामी 6 वर्षों के लिए जगन्नाथ उरांव को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी से प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है ।

# धनवार प्रत्याशी के समर्थक मतदाताओं को मंदिर में कसम खिला रहे हैं : भाजपा

**चुनाव आयोग से शिकायत की, कार्रवाई की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मांग की कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी निर्दलीय निरंजन राय के खिलाफ कार्रवाई हो और चुनाव परिणाम तक उनको विधानसभा क्षेत्र से बाहर रखा जाये। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 20 नवंबर को धनवार विधानसभा में चुनाव होना है और धनवार के प्रत्याशी निर्दलीय निरंजन राय के समर्थक मंदिर में कसम खिलाकर शपथ दिला रहे हैं कि निरंजन राय को मतदान करना है। किसी को मंदिर परिसर में ईश्वर के नाम पर कसम खिलाना उसके धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है और व्यक्ति (मतदाता) के मौलिक अधिकार का हनन भी होता है। ये चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन भी है। इस कारण प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि जिस प्रकार चुनाव कार्य हेतु एवं चुनाव प्रचार हेतु निरंजन राय मंदिर का इस्तेमाल कर रहे हैं उससे इनको पूरे चुनाव के परिणाम आने तक इनको राज्य से बाहर कर दिया जाये।

SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR
(CBSE Affiliated, Co.Ed. Sr. Secondary School)
DHURWA, RANCHI-4, Ph. (0651) 2445071, 2445073, 8987641500
E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in
ADMISSION OPEN for CLASS Prep to VIII (2025-26)
• Sanskar • All Round Development • Competitive Environment • Excellent Results.
Form & Prospectus are available on payment of Rs. 1000/- from School Counter on working days from 8.00 am to 12.30 pm
BUS FACILITY AVAILABLE
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR BOYS (FROM CLASS VI ONWARDS) Principal

### मुख्यमंत्री आवास में पत्रकारों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# राज्य में जितनी भी सरकारी नौकरियां लंबित हैं, उन सभी को मैं खुद सुनिश्चित करूंगा: हेमंत

**गठबंधन में आपसी टकराव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोई टकराव नहीं है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची स्थित आवास पर पत्रकारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने चुनाव, बीजेपी और आगामी सरकार की संभावनाओं से जुड़े मुद्दों पर पत्रकारों के सवालों के जवाब दिये। आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव के घर पर आयकर की छापेमारी के संबंध में सीएम ने कहा कि इनकम टैक्स ने मेरे सहयोगियों के ठिकानों पर छापे मारे। मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैं संवैधानिक एजेंसियों की स्थिति के बारे में कई बार बोल चुका हूं। वहीं कथित घुसपैठिया के मुद्दे पर बीजेपी के सवालों के बारे में सीएम हेमंत ने कहा कि सभी सवालों के जवाब देना मैं जरूरी नहीं समझता हूं। इस बात के लिए मैंने ठेका नहीं ले रखा है कि उनके हर सवाल का जवाब दिया जाये। बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग बहुत बौद्धिक लोग हैं, लेकिन मेरे लिए गरीब गुरबा का मुद्दा खत्म करना अभी ज्यादा जरूरी है। चुनाव जीतकर वापस सरकार बनाने के सवाल पर हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं भविष्यवाणी नहीं करता और आप बेहतर जानते होंगे। नौकरी के सवाल पर हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में जितनी भी सरकारी नौकरियां लंबित हैं, उन सभी को वह खुद सुनिश्चित करेंगे। वहीं डेमोग्राफी के मामले पर किये गये सवाल के जवाब में कहा कि इसपर प्रधानमंत्री ने भी अपना बयान दिया है। इस मामले पर कोर्ट का भी निर्णय आया है। मैं इसपर अभी इससे ज्यादा कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वहीं गठबंधन में आपसी टकराव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोई टकराव नहीं है। जो भी निर्णय हुआ है आपसी सहमति से हुआ है।

### सीएम हेमंत सोरेन ने बाबूलाल मरांडी को घेरा, कहा-

# पिछड़ों का आरक्षण 27 से घटाकर 14 प्रतिशत किया

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में अब बयानों के तीर चलने और तेज हो गये हैं। हर दल से एक से बढ़कर एक बयानों के तीर चल रहे हैं। अब आरक्षण के मुद्दे पर सीएम हेमंत सोरेन ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को घेरा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के राज में पिछड़ों का आरक्षण 27% से घटाकर 14 % कर उनके हक के साथ गद्दारी की। उनके विश्वास का गला घोंटा। जब हमने पिछड़ों का आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया, आदिवासियों का आरक्षण 28% तक बढ़ाया, दलितों का आरक्षण 12 % तक बढ़ाया। लेकिन इसका सबसे ज्यादा विरोध भाजपा ने किया। सीएम ने एक अन्य पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में सबसे ज्यादा समय तक भाजपा ने राज किया। पर हमेशा सिर्फ.और सिर्फ.बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हितों को पोषित किया। हमने हर एक झारखंडी के हितों को आगे रख कर कार्य किया है और आने वाले समय में पिछले 100 दिनों वाले कार्य की गति से भी तेज दोगुनी गति से कार्य करेंगे। 38 लाख से अधिक झारखंडी परिवारों का बिजली बिल जीरो आना शुरू है। एसी चलाइए, फ्रिज चलाइए या कोई और उपकरण। अबुआ सरकार के रहते बिजली बिल रहेगी शून्य मतलब 0 हमेशा।

# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो को लेकर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

**रांची शहर में अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सभी प्रकार के छोट, बड़े मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 नवंबर के रांची के रोड शो को लेकर रांची शहर के यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस संबंध में यातायात एसपी ने शनिवार देर शाम आदेश जारी कर दिया है। रांची शहर में अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सभी प्रकार के छोट, बड़े मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। साथ ही अपराह्न 04:30 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से एचइसी गेट, एचइसी गेट से अरगोड़ा चौक, अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक से सहजानंद चौक, सहजानंद चौक से न्यू मार्केट चौक तथा पंडरा बाजार चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट तक आने-जाने के लिए कम से कम उपयोग करें। इसके अलावा शहर में प्रवेश के लिए सामान्य वाहन बूटी मोड़ रिंग रोड, बोड़ेया रिंग रोड, कांके रिंग एवं रामपुर रिंग रोड का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार रांची शहर से बाहर जाने के लिए कांके रिंग रोड, बोड़ेया रिंग रोड, बूटी मोड़ रिंग रोड, रामपुर रिंग रोड होकर मेन रोड, कांटाटोली से बूटी मोड़ रोड, कांटाटोली से नामकुम रोड तथा पुराना हाइकोर्ट से घाघरा रोड से जा सकते हैं। साथ ही अपराह्न 04:30 बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाइकोर्ट से घाघरा रोड होते हुए हेथू बस्ती के रास्ते सीधे एयरपोर्ट जा सकेंगे। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डायवर्ट और स्टॉप किया जा सकता है।

## रोड शो में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 नवंबर के दौरे को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के लिहाज से शनिवार को लगातार वरीय अधिकारी रोड शो होने वाले मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं, जहां पर भी किसी भी प्रकार की खामियां पायी जा रही है, उसे दुरुस्त करने का निर्देश भी दे रहे हैं। एसपीजी की टीम ने भी प्रधानमंत्री के रोड शो होने वाले स्थल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर 11 आइपीएस, 25 डीएसपी, 111 इंस्पेक्टर, 714 एसआइ और एएसआइ, 3000 जवान, 2 बीडीडीएस टीम, 2 हिट टीम, 4 कंपनी रैप को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री रविवार को दिन के 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह एयरपोर्ट से ही बोकारो के लिए रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर दिन के 12.45 बजे बोकारो हेलीपैड पर उतरेगा। वहां चंदनकियारी विधानसभा में वह दोपहर 1.45 बजे तक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 1.55 बजे प्रधानमंत्री बोकारो से गुमला के लिए रवाना हो जायेंगे। मोदी का हेलीकॉप्टर 3.05 बजे गुमला में लैंड करेगा। प्रधानमंत्री वहां भी चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद शाम 4.15 में रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लौट आयेंगे। इसके बाद वह रांची में रोड शो करेंगे। पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान से प्रधानमंत्री का रोड शो 4.55 बजे शुरू होगा। रोड शो लगभग 2.5 किमी रातू रोड चौराहा तक होगा। लगभग डेढ़ घंटे रांची में रुकने के बाद 6.35 बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान रांची से प्रस्थान कर जायेगा।

# भाजपा की सरकार आते ही 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदा जायेगा : धर्मेंद्र प्रधान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ताड़ुआ, चौरंगी एवं बाघरांचूड़ा गांव में शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि बहरागोड़ा का पूर्वांचल क्षेत्र एक कृषि से आधारित क्षेत्र है। यहां के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर करते हैं। इस जगह को धान का कटोरा भी कहा जाता है। भाजपा सरकार आने के बाद ओड़िशा की तरह 3100 रुपये प्रति क्विंटल किसानों से धान खरीदा जायेगा। बहरागोड़ा में विकास के लिए डॉ दिनेशानंद गोस्वामी को चुनाव में वोट डालकर भारी मतों में जितायें। झारखंड राज्य में भाजपा का सरकार लाना है। भाजपा सरकार आने से ही विकास होगा।

उन्होंने चौरंगी के भवानीदेवी हाइस्कूल मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के बाद हम फिर से एक बार इस जगह पर आयेंगे और इस स्कूल को एवं शिक्षा जगत को दुरुस्त करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि 1 साल के अंदर सबकी जमीन ऑनलाइन की जायेगी। 23 नवंबर के बाद बहरागोड़ा में गठबंधन सरकार का सफाई हो जायेगा। 2025 में जब हम लोग विवाह कार्यक्रम करेंगे उसमें 100 से 200 गरीब लड़कियों की शादी करायी जायेगी। बहरागोड़ा में जेपीएससी तथा एसएससी कोचिंग सेंटर खोला जायेगा। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि बहरागोड़ा में जल्द ही सेंट्रल स्कूल खोला जायेगा। इसके बाद माल समाज के लोगों का भी न्याय होगा। भाजपा सरकार आने के बाद माल समाज को शेड्यूल कास्ट बनाने के लिए काम किया जायेगा। इस मौके पर नंदजी प्रसाद, जिला अध्यक्ष चंडी चरण साहू, राजकुमार कर, मंडल अध्यक्ष रघुनाथ दास, डॉ संजय गिरी, राहुल षाड़ंगी,बापतु साव, गौरव पुष्टि, भूपति नायक, चुनू महालि आदि मौजूद थे।



## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची।
### (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधानसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 64–हटिया एवं 65–काँके विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि–13/11/2024 को निर्धारित है।निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या–74 (लेखेका निरीक्षण) के आलोक में 64–हटिया एवं 65–काँके विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित सभी प्रत्याशियों को प्रथम/द्वितीय/तृतीय निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जाँच की तिथि निर्धारित कर सूचना दैनिक अखबारोंके माध्यम से पूर्व में प्रकाशित किया जा चुक है। इस कम में तृतीय लेखा जाँच की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक11/ 11/ 2024 को 64–हटिया एवं 65–काँके के अभ्यर्थीयों द्वारा किये गये व्यय की जाँच हेतु निर्धारित किया जाता है, जिस का ब्यौरा निम्नवत् है :–

| क्र० | निर्वाचन व्यय लेखा जांच | निर्वाचन व्यय लेखा जांच की तिथि | जाँच स्थल एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | द्वितीय लेखा जाँच | दिनांक–11/11/2024 (सोमवार) | सभागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची |

उक्त संदर्भ में विधानसभा (आम), निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 64–हटिया एवं 65–काँके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के "निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जाँच"हेतु नियत तिथियों पर प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली हेतु प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जाँच–समय का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है:–

**64–हटिया विधान सभा क्षेत्र**

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजय नाथ शाहदेव | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | हाथ | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्नसे 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | अमरेन्द कुमार | झारखण्ड जनक्रांति मोर्चा | जंजीर | |
| 3 | अयूब अली | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 4 | आदर्श कुमार | नेशनलिस्ट कॉंग्रेस पार्टी | घड़ी | |
| 5 | कुन्दरसी मुण्डा | भारत आदिवासी पार्टी | हॉकीऔरबॉल | |
| 6 | कुशवाहा विजय कुमार महतो | जोहार पार्टी | ऑटो–रिक्शा | |
| 7 | ज्योती बालादेवी | राष्ट्रीय जयहिन्दपार्टी | फुटबॉल खिलाड़ी | |
| 8 | दिवाशंकर पासवान | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | फलोंसे युक्तटोकरी | |
| 9 | धनंजय भगत "गांधी" | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल | आदमी व पाल युक्तनौका | |
| 10 | निपु सिंह | राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी | हेलमेट | |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद साहु | सदान विकास पार्टी | डीजलपम्प | |
| 12 | विजय सिंह | सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी | बैटरीटार्च | |
| 13 | विवेक त्रिपाठी | स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी | प्रैशरकुकर | |
| 14 | सुरेश टोप्पो | आंबेडक राईट पार्टी ऑफ इंडिया | कोट | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन जयसवाल | भारतीय जनतापार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | सोमा सिंह | जय महाभारत पार्टी | बल्लेबाज | |
| 3 | हजारी प्रसाद साहु | लोकहित अधिकार पार्टी | सेब | |
| 4 | अभिषेक कुमार श्रीवास्तव | निर्दलीय | कलम की निबसात किरणों के साथ | |
| 5 | अलबिन लकड़ा | निर्दलीय | कटहल | |
| 6 | ओमशंकर गुप्ता | निर्दलीय | भालाफेंक | |
| 7 | ऐनुल अंसारी | निर्दलीय | ट्रक | |
| 8 | गौरव प्रियदर्शी | निर्दलीय | बल्ला | |
| 9 | दिवाकर प्रसाद साहू | निर्दलीय | कम्प्यूटर | |
| 10 | नगमा रानी | निर्दलीय | एआरकंडीस्नर | |
| 11 | बिशु तिर्की | निर्दलीय | गन्नाकिसान | |
| 12 | भरत कांशी | निर्दलीय | बक्सा | |
| 13 | यादराम साहु | निर्दलीय | गुब्बारा | |

**65–काँके विधान सभा क्षेत्र**

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटितप्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश कुमार बैठा | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | हाथ | प्रथम पाली (10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | अजीतकु रवि | राइटटु रिकॉल पार्टी | प्रेशर कुकर | |
| 3 | अनिल कुमार पासवान | झारखण्डपार्टी | फलोंसे युक्त टोकरी | |
| 4 | फुलेश्वर बैठा | झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा | कैंची | |
| 5 | मधुसुदन कुमार | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | केतली | |
| 6 | मधुसुदन कुमार | लोक हित अधिकार पार्टी | सेब | |
| 7 | राजन नायक | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) | ब्लैकबोर्ड | |

| क्र० | प्रत्याशी का नाम | सम्बद्ध दल | आवंटित प्रतीक | जाँच हेतु आवंटित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ० जीतू चरण राम | भारतीय जनतापार्टी | कमल | द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) |
| 2 | संतोष कुमार रजक | कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया | बालऔरहँसिया | |
| 3 | सुरेन्द्र मिर्धा उर्फ सुरेन कुमार का लिन्दी | समाजवादी पार्टी | साइकिल | |
| 4 | अशोक कुमार नाग | निर्दलीय | आरी | |
| 5 | दीपशिखा कुमारी | निर्दलीय | हेलमेट | |
| 6 | सीम राय | निर्दलीय | बाँसुरी | |

01:30 बजे अपराह्न से 02:00 बजे पूर्वाह्न तक मध्याह्न विश्रांतिकाल।

सभी प्रत्याशियों से अनुरोध होगा कि स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिकर्त्ता के माध्यम् सेनिर्वाचन व्यय लेखापंजी जाँच हेतु निर्धारित तिथियों में उपरोक्त आवंटित/निर्धारित समय के अनुसार निर्वाचन व्यय लेखापंजी की जाँच हेतु व्यय लेखाजाँचदल के समक्ष उपस्थित होने की कष्ट करेंगे।

नोडल पदाधिकारी,
व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग,
–सह–उपविकास आयुक्त, राँची।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची।

PR.NO.339979 Ranchi(24-25):D

# सुप्रीम कोर्ट ने तय किये नये मानक

जो यह उम्मीद कर रहे थे कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के माइनॉरिटी स्टेटस को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर हां या ना में स्पष्ट जवाब मिल जायेगा, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के शुक्रवार को आये फैसले से थोड़ी निराशा हो सकती है, लेकिन सर्वोच्च अदालत के फैसले की अहमियत इस मायने में है कि यह इस मसले को देखने, समझने के तरीकों में निहित कमियों पर रोशनी डालता और उन्हें दूर करता है। इस कानूनी विवाद की जटिलता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि यह आधी सदी से भी ज्यादा पुराना है। इसकी शुरुआत 1967 में अजीज बाशा केस में आये सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले से मानी जाती है, जिसमें कहा गया था कि एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है, क्योंकि यह एक कानून (अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक्ट 1920) के जरिए अस्तित्व में आया था। इसके बाद 1981 में सरकार ने एएमयू एक्ट में संशोधन करते हुए कहा कि इसकी स्थापना मुस्लिम समुदाय द्वारा और मुस्लिम समाज की शैक्षिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के मकसद से की गयी थी। 1981 के संशोधन से वे भ्रम और संदेह पूरी तरह दूर नहीं हुए, जो इस विवाद के मूल में थे। इसकी झलक 2006 में तब मिली, जब इलाहाबाद हाइकोर्ट ने 1981 के इस संशोधन को निरस्त करते हुए कहा कि एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट 1967 में ही अजीज बाशा केस में इसका माइनॉरिटी स्टेटस रद्द कर चुका है। इस तरह के परस्पर विरोधी कदमों से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। माइनॉरिटी स्टेटस का सवाल यूनिवर्सिटी प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से तो जुड़ा है ही, यहां लागू होने वाली आरक्षण व्यवस्था पर भी निर्णायक प्रभाव डालने वाला है। यूनिवर्सिटी में मुस्लिमों के लिए कितना आरक्षण रहेगा और एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण मिलेगा या नहीं, यह भी इस सवाल के जवाब पर निर्भर करता है। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने तात्कालिकता से जुड़े दबावों को दरकिनार करते हुए इस केस को इसकी समग्रता और व्यापकता में देखने का प्रयास किया। 50 साल से भी ज्यादा पुराने विवाद में हुई गलतियों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय बेंच ने स्वाभाविक ही यह साफ करना जरूरी समझा कि किसी संस्थान के माइनॉरिटी स्टेटस की जांच किन मानकों पर की जानी चाहिए। उम्मीद है कि इस फैसले से मिले नये मानदंडों के जरिए न केवल एएमयू, बल्कि भविष्य में अन्य संस्थानों के स्टेटस पर उठने वाले सवालों को भी बेहतर ढंग से हल किया जा सकेगा।

**50 साल से भी ज्यादा पुराने विवाद में हुई गलतियों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय बेंच ने स्वाभाविक ही यह साफ करना जरूरी समझा कि किसी संस्थान के माइनॉरिटी स्टेटस की जांच किन मानकों पर की जानी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म तथा संस्कृति की सेवा करने वाले व उसकी रक्षा कर उसकी अभिवृद्धी के लिए प्रामाणिकता तथा निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के शुद्ध चरित्र के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से किसी समय वैचारिक मतभेद रखने वाले भी असीम प्रेम करने लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सर संघचालक प. पू. डॉ हेडगेवार अपने जीवनकाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए चल रहे सामाजिक, धार्मिक, क्रांतिकारी एवं राजनैतिक क्षेत्रों के सभी समकालीन संगठनों एवं आंदोलनों से संबद्ध रहे एवं अनेक महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया।**

# 'बटेंगे तो कटेंगे' नये विकसित भारत के लिर निश्चित ही मूलमंत्र साबित होगा



**सुखदेव वशिष्ठ**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, 2025 में अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर लेगा। अपने 100 वर्ष की यात्रा में संघ ने अपने कार्य से समाज का विश्वास जीता है। यही कारण है कि जब मीडिया में आरएसएस को लेकर भ्रामक जानकारी आती है, तब सामान्य व्यक्ति चकित हो उठता है, क्योंकि उसके जीवन में आरएसएस सकारात्मक रूप में उपस्थित रहता है, जबकि आरएसएस विरोधी ताकतों द्वारा मीडिया में उसकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत की जाती है।

संघ ने लंबे समय तक इस प्रकार के दुष्प्रचार का खंडन नहीं किया। अब भी बहुत आवश्यकता होने पर ही संघ अपना पक्ष रखता है। आज स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म तथा संस्कृति की सेवा करने वाले व उसकी रक्षा कर उसकी अभिवृद्धी के लिए प्रामाणिकता तथा निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के शुद्ध चरित्र के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से किसी समय वैचारिक मतभेद रखने वाले भी असीम प्रेम करने लगे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सर संघचालक प. पू. डॉ हेडगेवार अपने जीवनकाल में राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए चल रहे सामाजिक, धार्मिक, क्रांतिकारी एवं राजनैतिक क्षेत्रों के सभी समकालीन संगठनों एवं आंदोलनों से संबद्ध रहे एवं अनेक महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व भी किया। समाज के स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत, व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त व्यक्तियों के ऐसे संगठन, जो स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ होने के साथ ही राष्ट्र एवं समाज पर आने वाली प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सके, की कल्पना के साथ संघ का कार्य शुरू हुआ, जो अब विराट रूप ले चुका है।

**पूरी दुनिया विविधता के प्रबंधन के लिए भारत की ओर देख रही है।**



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के शब्दों में, 'यदि हम जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे'। इस का निहितार्थ इतना ही है कि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। हमारी ताकत हमारी एकता में निहित है। अगर हम खुद को विभाजित होने देंगे, तो हम अपनी स्थिति से नीचे गिर जायेंगे और मूल से कट जायेंगे।**

भारत को एक खुशहाल, शांतिपूर्ण, समृद्ध और मजबूत राष्ट्र बना कर परम वैभव पर ले जाना ही संघ का लक्ष्य है।

बांग्लादेश में हिंदुओं को बिना किसी कारण के हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमें एक सजग समाज की आवश्यकता है, जो विकास के लिए सामूहिक प्रयास करे। जब समाज स्वयं जागता है, तो संगठन, संस्थाएं, प्रशासन, सरकार आदि सभी मदद के लिए आगे आते हैं। आज जाति, पंथ, धर्म, भाषा, क्षेत्र आदि के आधार पर भारत को बांटने के प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि समाज क्षुद्र स्वार्थों में उलझा रहे। जिन लोगों को डर है कि अगर देश का व्यापक पैमाने पर विकास होता है, तो उनके कारोबार बंद हो जायेंगे, ऐसे लोग देश के विकास में बाधा पैदा करने के लिए अपनी सारी शक्तियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी के एजेंट खालिस्तानी पन्नू द्वारा समय-समय पर अमेरिका की धरती से खालिस्तान के विषय में किये जा रहे बिना लोगों के समर्थन प्रयास इसका साक्षात उदहारण है। कनाडा की धरती पर ट्रूडो द्वारा खालिस्तनियो का भारत की अखंडता के खिलाफ प्रयोग इन देशों की विकसित होते भारत को रोकने के प्रयास ही हैं। इसके कारण आज देश की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, समुद्री सीमा पर केरल, तमिलनाडु और बिहार से मणिपुर तक पूरा पूर्वांचल अशांत है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के शब्दों में, 'यदि हम जाति, भाषा या प्रांत के भेद से बटेंगे, तो निश्चित रूप से कटेंगे'। इस का निहितार्थ इतना ही है कि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। हमारी ताकत हमारी एकता में निहित है। अगर हम खुद को विभाजित होने देंगे, तो हम अपनी स्थिति से नीचे गिर जायेंगे और मूल से कट जायेंगे, जिस प्रकार पूर्व में अखंड भारत में से पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान और श्रीलंका के साथ-साथ कंबोडिया, मलेशिया, वियतनाम और इंडोनेशिया अलग हुए। आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में 'भारत के अस्तित्व में एकता है, हम अलग दिख सकते हैं। हम अलग-अलग चीजें खा सकते हैं, लेकिन हमारे अस्तित्व में एकता है। हमारे आगे बढ़ने से दुनिया भारत से सीख सकती है।

पूरी दुनिया विविधता के प्रबंधन के लिए भारत की ओर देख रही है। जब विविधता को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने की बात आती है तो दुनिया भारत की ओर इशारा करती है।' 'बटेंगे तो कटेंगे 'निश्चित ही नये विकसित भारत के निर्माण के लिए मूल मंत्र साबित होगा।

## देश-विदेश की खबरें

### महाराष्ट्री के नांदेड़ में गरजे प्रधानमंत्री

# दलित और आदिवासी एकता के कारण समर्थन आधार खो रही कांग्रेस : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नांदेड़ (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार-बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है।

**'विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए'**

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा है। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है।

**'दलित-आदिवासी एकता से समर्थन आधार खो रही कांग्रेस'**

मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग 'भारत का संविधान' शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है।

**'कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों?'**

कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है।

**'पूरे महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर'**

उन्होंने आगे कहा, आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है- भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा-महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)। पीएम मोदी ने कहा, आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है।

# मोदी-शाह की जोड़ी को लोकतंत्र की मर्यादाओं की परवाह नहीं: शिवानंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** राजद नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि हेमंत सोरेन के निजी सचिव के यहां शनिवार को इनकम टैक्स ने छापामारी की है। शायद उनसे जुड़े अन्य लोगों के यहां भी छापे मारी हुई है। दरअसल मोदी-साह की जोड़ी को लोकतंत्र की मार्यदाओं की कोई परवाह नहीं है। किसी भी तरह चुनाव जीतना ही उनका लक्ष्य है. अन्यथा इनकम जो काम आज कर रहा वह चुनाव के बाद भी कर सकता था।

हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। क्या क्या आरोप नहीं लगाया गया, लेकिन झारखंड हाईकोर्ट ने साफ कह दिया कि हेमंत सोरेन के विरूद्ध आरोप अनुमान के आधार पर लगाया गया है। इनके विरुद्ध कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है।

सत्ता का दुरुपयोग कमोबेश हर सरकारों ने किया है, लेकिन भाजपा ने तो सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एक तरफ तो भ्रष्टाचार का शोर मचाना। इसके बहाने विरोधी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करना। दूसरी ओर चार हजार करोड़ रुपये के लूट के आरोपी मधु कोड़ा को आदर और सम्मान के साथ भाजपा में शामिल करना किया साबित करता है। लेकिन आम आदमी को भले ही अक्षर ज्ञान नहीं हो, लेकिन लोग न्याय और अन्याय के बीच फर्क करना जानता है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी जो चाहे कर लें, झारखंड के लोग हेमंत सोरेन की सरकार बनवा कर आपके दंभ और अहंकार को पटकनियां देने का संकल्प ले चुके हैं।

### पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

# धमाके में 14 सैनिक समेत 26 की मौत, 50 घायल

**बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी**

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गये लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं। उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है।

### सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़

# दो दहशतगर्द हुए ढेर दो एके-47 बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो दहशतगर्द ढेर कर दिये गये हैं। सेना की 22-आरआर, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम अंजाम दिया। इसी के साथ इस साल अबतक 110 आतंकियों का सफाया हो गया है। वहीं, इस महीने सबसे अधिक 35 आतंकी मारे गये हैं। बता दें कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में दो से तीन आतंकी मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी करनी शुरू की। इस दौरान खुद को घिरा देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने भी मोर्चा संभाला। कई घंटे तक चली मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराने में सुरक्षाबलों ने सफलता पायी। मारे गये आतंकियों के पास से दो एके-47 बरामद हुई हैं। बता दें कि आतंकियों के सफाए से सीमा पार बैठे आतंकी सरगना बौखलाए हुए हैं। इसी बौखलाहट में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से सुरक्षाबलों को निशाना बनाए जाने की साजिश रची जा रही है। घाटी में खात्मे की कगार पर पहुंच चुके आतंकी संगठन आईईडी हमले करने की फिराक में हैं।

इस बात की जानकारी दो ही दिन पहले बड़गाम में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि इनपुट मिला है कि आतंकी संगठन सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आइइडी विस्फोट कर सकते हैं।

### इंडियन हेरिटेज मिलिट्री फेस्टिवल में शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च

# सेना की उपलब्धियों को एजुकेशन में शामिल करेंगे : सीडीएस अनिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंडियन मिलिट्री हेरिटेज फेस्टिवल का दूसरा एडिशन शुक्रवार को नयी दिल्ली में शुरू हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा- देश का बड़ा हिस्सा भारतीय सेना की उपलब्धियों को नहीं जानता। इसलिए इसे एजुकेशन में भी जोड़ा जायेगा। शुक्रवार को फेस्टिवल के दौरान सीडीएस ने शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च किया। इसका मकसद अगली पीढ़ी में नेशनल प्राइड यानी राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना है। इस फेस्टिवल में रक्षा मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) और इंडियन फोर्स के अलावा पर्यटन विभाग लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय के अलावा एनसीसी कैडेट भी शामिल हैं।

फेस्टिवल का लक्ष्य भारतीय वायुसेना, नौसेना और आर्मी की उपलब्धियों को प्रमोट करना है। साथ ही यह युवाओं के बीच सेना को बतौर करियर बढ़ावा देने का काम भी कर रहा है। इसका पहला एडिशन पिछले साल 21-22 अक्टूबर को आयोजित हुआ था।




**शौर्य गाथा प्रोजेक्ट से सेना के इतिहास को प्रमोट किया जायेगा :** शौर्य गाथा प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) की पहल है। इसे डीएमए और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (यूएसआइ) के सेंटर फॉर मिलिट्री हिस्ट्री एंड कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज ने साथ मिलकर शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद भारतीय सेना के इतिहास और उपलब्धियों को टूरिज्म और शिक्षा की मदद से प्रमोट करना है। इस प्रोजेक्ट के जरिए बैटलफील्ड टूरिज्म यानी बॉर्डर एरिया में टूरिज्म को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इससे नये रोजगार पैदा होंगे। इसके तहत भारतीय सेना के अहम मिलिट्री लैंडमार्क की पहचान की जायेगी, उन्हें रीस्टोर किया जायेगा और फिर प्रमोट किया जायेगा। इसके बाद उन्हें स्मारक और म्यूजियम में रिजर्व किया जायेगा।

**कई सैन्य किताबें रिलीज की गयीं :** इस दौरान कई किताबों को भी लॉन्च किया गया है। इनमें रिटायर्ड एयर मार्शल विक्रम सिंह की लिखी बिकॉज ऑफ दिसः ए हिस्ट्री ऑफ द इंडो-पाक एयर वॉर (दिसंबर 1971), वेलोर एंड ऑनर, वॉर वाउंडेड, डिसेबल्ड सोल्जर्स एंड कैडेट्स शामिल हैं।

वहीं, सीडीएस ने बताया कि हम सशस्त्र बलों के पराक्रम, इतिहास और विरासत के बारे में जागरूकता फैलाने के इरादे से अपनी सैन्य लाइब्रेरी को ई-लिंक करने जा रहे हैं। इससे लोगों के लिए जानकारी जुटाना और सैन्य गौरव गाथाओं को जानना आसान हो जायेगा। शौर्य गाथा प्रोजेक्ट के तहत भारतीय सेना के कई ऑपरेशन्स की चर्चा की गयी। इस दौरान बताया गया कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 16 दिसंबर 1971 को सीजफायर की घोषणा हुई थी। इस घोषणा के 15 दिनों तक भारतीय सेना के जवानों को ठीक से खाना-पानी तक नहीं मिला था। वे सर्दी से बचने के लिए घास ओढ़ कर सोये थे।

# पितृसत्ता लेफ्ट की विचारधारा : वित्त मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंगलूरू।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने से रोकती तो इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री कैसे बन सकती थीं। सीतारमण बंगलूरू के सीएमएस बिजनेस स्कूल के छात्रों से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उठाये गये कदमों और युवाओं के लिए उपलब्ध करायी गयी योजनाओं पर चर्चा की। इसमें 21 से 24 आयु वर्ग के एक करोड़ बेरोजगार युवाओं के लिए इंटर्नशिप की पहल भी शामिल है।

**वामपंथियों ने गढ़ा पितृसत्ता का सिद्धांत :** महिला सशक्तिकरण पर एक सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा, पितृसत्ता एक ऐसा सिद्धांत है, जिसे वामपंथियों ने गढ़ा है। उन्होंने कहा, अच्छे शब्दों के बहकावें में न आयें। अगर आप अपनी बात मजबूती से रखेंगे और तार्कित तरीके से बात करेंगे, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, उन्होंने यह बात मानी कि महिलाओं को पूरी तरह से सुविधाएं नहीं मिल पाती और इसमें और अधिक सुधार की जरूरत है। भारत में नवाचार के लिए अवसरों के सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार नवाचार के लिए एक ऐसा माहौल तैयार कर रही है, जो उनकी मदद कर रहा है।

## बिहार के प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मिथिलेश ठाकुर के पक्ष में की चुनावी सभा

# गढ़वा की विकास यात्रा जारी रखने के लिए मिथिलेश ठाकुर को वोट करें : तेजस्वी

**विकास के एवज में मजदूरी मुझे आशीर्वाद रूपी वोट दें : मिथिलेश ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बिहार के पूर्व सीएम सह वर्तमान में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछड़ा, दलित, अकलियत के विकास के लिए उन्होंने राजद की परंपरागत सीट, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सीट को झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के लिए छोड़ दिया था। यूं कहें कि दे दिया था। उन्होंने इस सीट से जीतकर विकास का रिकार्ड बनाया। इस बार फिर से वह चुनाव मैदान में हैं। मैंने उन्हें सीट दिया है तो आप उन्हें वोट देकर गढ़वा के विकास को निरंतर आगे बढ़ाने में महती भूमिका अदा करें। वह शनिवार को गढ़वा जिला के रमकंडा प्रखंड के पुनदागा दुर्गा बाड़ी के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें दो धाराओं की लड़ाई है। राज्य गठन के बाद अधिकतर समय भाजपा का ही राज्य रहा है। झारखंड के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा भाई से भाई को लड़ाने का कार्य करती है। भाजपा जनादेश का भी अपमान करती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा हार गयी लेकिन उसकी नियत हो देखिये, जनता से हारने के बाद विधायकों को डरा धमका कर प्रलोभन देकर तोड़ती है और जनादेश का अपमान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लाख प्रयास के बावजूद झारखंड में सरकार टूटी नहीं, लेकिन बिहार में हमारे सीएम चाचा को ही हाईजैक कर लिया गया। तेजस्वी यादव ने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि आप लोग इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर-धनुष छाप पर वोट दीजिये टकाटक, भाजपा हो जायेगी सफाचट। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री वीआईपी पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने कहा कि झारखंड में निश्चित इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। मौके पर भाकपा माले नेत्री सुषमा मेहता, कालीचरण मेहता, फरीद खान, विरेंद्र साव, सलीम जाफर, शंभु राम, सोनु यादव, सरोज चौधरी, जवाहर पासवान, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही तेजस्वी यादव का केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। श्री यादव ने एक बच्चे को मंच पर बुला कर केक कटवाया।



### चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने मिथिलेश ठाकुर को दिया समर्थन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। चार और निर्दलीय प्रत्याशियों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को अपना समर्थन देते हुए इन्हें जीतने की अपील लोगों से की है। समर्थन देने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी चूल्हन सिंह, अलीहुसैन अंसारी, प्रमेश कुमार व राम प्यारे पाल का नाम शामिल है। इन्होंने मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर अपना समर्थन दिया है।

### तेजस्वी यादव ने महागठबंधन प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया

कांडी (आजाद सिपाही)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बिना विधायक रहते हुए नरेश सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में 10 सालों से विकास और जन कल्याण का काम करते हुए आपकी सेवा की है। उसे देखते हुए लालू जी ने इन्हें टिकट देकर आपका जनप्रतिनिधि बनाने के लिए आपके पास भेजा है। उन्होंने ऐलान करके हजारों बार कहा है कि विधायक गिरी और विधायक के वेतन का भी एक पैसा उन्हें नहीं चाहिए। वह सारा पैसा जनता का है और जनता के काम में खर्च होगा। लोगों ने एक स्वर से समर्थन की घोषणा की। सभा का संचालन प्रियरंजन सिन्हा और सलीम राय ने किया।

### जेएमएम प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को भारी मतों से विजयी बनायें : तेजस्वी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। महागठबंधन प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के चुनाव प्रचार के क्रम में बिहार विधानसभा मैं प्रतिपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भारी भीड़ के बीच भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में लोगों का आह्वान किया कि आगामी 13 नवंबर को अपना कीमती मत जेएमएम प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में तीर धनुष चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर : निरहुआ

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। भारत विरोधी आतंकवादी गतिविधि पूरी तरह बंद हो चुकी है। उक्त बाते पूर्व सांसद सह भोजपुरी के सुपर स्टार अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने शनिवार को मकरी पंचायत के तालाब मैदान में भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा गरीबों के साथ-साथ सभी वर्ग समुदाय के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाकर राज्य की सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान जुझारू विधायक भानु प्रताप शाही के चुनाव चिन्ह कमल छाप पर बटन दबाकर विधायक बनाने की अपील किया। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि साजिश के तहत रोकने का काम किया, लेकिन मुझे जीत से रोक नहीं सकते हैं। चुनाव हारने की डर से राजा और ताहिर ने गठजोड़ कर लिया है। राजनीति जनता के सुख दुख और सहयोग के लिए होता है, लेकिन ताहिर अंसारी और दीपक देव ने लोगों को डरा धमका कर जबरदस्ती उनके गले में हरा पट्टा डाल रहे हैं। ताहिर अंसारी राइफल के दम पर भवनाथपुर के युवाओं को डराने से बाज आ जाओ नहीं तो यहां के युवा चुनाव के बाद तुम्हे मुंहतोड़ जवाब देंगे। इस मौके पर विधायक अनिल मौर्य, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, विकास स्वदेशी, बसंत यादव, भगत दयानंद यादव, सोनाकिशोर यादव, सुनील सिंह, दयानंद सोनी, रवि पाल, विजया लक्ष्मी, मधुलता आदि मौजूद थे।

### भंडरिया में निरहुआ के नहीं आने से जनता ने तोड़ी कुर्सियां



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में भारतीय जनता पार्टी का एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया था। जिसको भारतीय जनता पार्टी के सांसद व भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ जनसभा को संबोधित करना था। इस प्रोग्राम में दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ के नहीं आने की खबर सुनते ही आम जनता उग्र हो गयी और कुर्सियों को तोड़ने लगी। इधर चुनावी सभा में भगदड़ होने के बाद डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया के चुनाव प्रभारी रघुराज पांडे से पूछने पर उन्होंने बताया कि शाम हो जाने के कारण अंधेरा के चलते हेलीकॉप्टर लैंड नहीं किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सुशील कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी कुंवर सिंह राजेश्वर ठाकुर भोला गुप्ता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आचार संहिता उल्लंघन : गढ़वा विस अंतर्गत सी-विजिल पर अब तक प्राप्त हुई 30 शिकायतें

**भाजपा के विरुद्ध 11, झामुमो 11 तथा सपा के खिलाफ प्राप्त हुयीं 4 शिकायतें**

**आचार संहिता उल्लंघन को लेकर आयोग का मजबूत टूल है सी-विजिल ऐप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म सी-विजिल के रूप में दिया है। इस ऐप के माध्यम से किसी भी चुनाव गड़बड़ी की घटना का रियल टाइम वीडियो या फोटो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस बार गढ़वा विधानसभा निर्वाचन के क्रम में इस ऐप के माध्यम से 8 नवंबर की शाम तक 30 विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों में सर्वाधिक भाजपा और झामुमो के विरुद्ध 11-11 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, वहीं सपा के विरुद्ध 4 व शेष अन्य या अप्रासंगिक शिकायतें हैं। इनमें से कुछ शिकायतें सत्य पायीं गयीं और उन पर कार्रवाई भी हुई, जबकि लगभग 60 प्रतिशत शिकायतें मिथ्या या साक्ष्य-विहीन भी पायी गयी। गढ़वा विधानसभा सीट के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में अगर चुनाव में गड़बड़ी, आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला है तो कोई भी नागरिक सी-विजिल एप के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान यथासंभव गुप्त रखते हुए 100 मिनट में शिकायत का निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा।

संजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण पारदर्शी मतदान के लिए जनसामान्य को सी विजिल एप की सुविधा प्रदान की गयी है। इस एप के जरिये जनसामान्य आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की ऑनलाइन रिपोर्ट कर सकते हैं। यह एप निर्वाचन घोषणा की तारीख से वोटिंग के एक दिन बाद तक सक्रिय रहेगा। सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में अत्यंत प्रभावी है। इस एप की मदद से की गयी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में भी आ जाती है। सी विजिल एप के लिए कैमरा, इंटरनेट कनेक्शन और जीपीएस वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन का होना आवश्यक होता है। कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की फोटो या अधिक से अधिक 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर इस ऐप से भेज सकता है।

# बाइक दुर्घटना में मृत दो युवकों का शव पहुंचने पर गांव में मचा कोहराम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** पलामू जिले के केचकी पुल के पास बाईक दुर्घटना में मृत दो युवकों का शव घर पहुंचने पर गांव में शनिवार को कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव के बथानी टोला निवासी निहोना राम का पुत्र बसंत राम 26 वर्ष एवं लाल धारी राम का पुत्र जनेश्वर राम 28 वर्ष एक साथ बाइक से पलामू किला एवं वेतला पार्क घुमने गए थे। घर वापस आने के क्रम में केचकी पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर एक बिजली पोल में जा टकराई, इस दुर्घटना में बसंत राम की मौत मौके पर ही हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जनेश्वर राम को मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों शव का अंत्य परीक्षण के बाद घर वापस आने पर कोहराम मच गया। इसकी जानकारी मिलने पर मुखिया मनदीप सिंह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, नेता संजय भगत, मिथिलेश देव, लालजी राम आदि अन्य गणमान्य लोग पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा दाह संस्कार में शामिल हुए।

# जनता पूरी तरह बदलाव के मूड में, भाजपा के पक्ष में चल रही है आंधी : सत्येंद्रनाथ तिवारी

**दो हजार से अधिक लोग झामुमो छोड़ भाजपा में हुए शमिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शुक्रवार को देर शाम और शनिवार को अलग-अगल कार्यक्रम के दौरान गढ़वा, मेराल, रंका, रमकंडा और चिनियां प्रखंड के दो हजार से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। सभी को भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए में शामिल दलों के प्रत्याशियों की जीत हो रही है। गढ़वा में भाजपा के पक्ष में आंधी चल रही है। जनता हेमंत सरकार से परेशान हो चुकी है। गढ़वा के इस चुनाव में मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो जायेगा। जनता पूरी तरह बदलाव के मूड में हैं। मंत्री अपनी करारी हार को देखकर मंत्री पूरी तरह से बौखलाहट में है। यहीं कारण है कि मंत्री एक विशेष समुदाय को खुश कर वोट लेना चाहते है। तरके में मंत्री के इशारे पर एक विशेष वर्ग के लोगों ने हिंदुओं के साथ जमकर मारपीट किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की जनता तुष्टिकरण की राजनीति से तंग आ चुकी हैं। गढ़वा के सभा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यहां का पलायन और बेरोजगारी पर अपनी चिंता जतायी है। सरकार बनने के साथ ही गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल और झारखंड का समुचित विकास होगें महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत प्रत्येक माह के 11 तारीख को 21 सौ रुपये उनके खाता में दिया जायेगा। महिलाओं के हित में 50 लाख रुपये तक रजिस्ट्री मात्र एक रुपये में होगा। उन्होंने सभी से भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

### कोयल नदी में डूबे तीन बच्चों में से दो के शव मिले, तीसरे की तलाश जारी



मझिआंव (आजाद सिपाही)। मोरबे कोयल नदी में छठ पर्व के दौरान डूबे तीन बच्चों में से दो के शव मिलने के बाद शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। संजय राम चंद्रवंशी के 14 वर्षीय पुत्र पियूष कुमार का शव शुक्रवार को मिला था, जिसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया और मोरबे गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दूसरा शव नसीम खलीफा की 7 वर्षीय पुत्री फिजा खातून का शनिवार को कांडी थाना क्षेत्र के कोरगाई गांव में नदी किनारे बालू में मिला। शव का निचला हिस्सा जंगली जानवरों द्वारा क्षतिग्रस्त पाया गया। पोस्टमार्टम के बाद फिजा को भी दफना दिया गया। तीसरे बच्चे, अमरनाथ चंद्रवंशी के 9 वर्षीय पुत्र अमन कुमार का शव अब तक नहीं मिला है। एनडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम कोयल नदी में उसकी तलाश कर रही है। शुक्रवार को गुस्साए ग्रामीणों ने मोरबे हनुमान मंदिर के पास तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सड़क जाम कर दी थी, जिसे प्रशासन द्वारा समझाने पर मुआवजे का आश्वासन मिलने के बाद हटाया गया।

**प्रारूप C-1**

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पता :- **शिशिर टोप्पो, कोचेडेगा, लिची बगान**
राजनीतिक दल का नाम :- **भारत आदिवासी पार्टी**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **70, सिमडेगा ST विधानसभा चुनाव**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

मैं **शिशिर टोप्पो** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला एवं सत्र न्यायालय सिमडेगा | 3/2024 | उच्च न्यायलय द्वारा प्रकरण में रोक है | 147,148,149,353,332,333, 504,120B,506,IPC |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA |
| | NA | NA | NA |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**शिशिर टोप्पा**
भारत आदिवासी पार्टी
निर्वाचन विधानसभा 2024

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**
As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
*Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of the Election: **LEGISLATIVE ASSEMBLY, JHARKHAND**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court Case No. Status of the case (e) | Section of the Acts Concerned & Brief Description of offence (s) | Name of Court Date (s) of Order (s) | Description of Offence (S) Punishment Imposed | Maximum punishment imposed. |
| 1. | 34, Gomia | Yogendra Prasad | NA | NA | The Sub-divisional Judicial Magistrate, Ramgarh, Case No.-53/2010, Dated-31.01.2018 Status- On 07.01.2020 Acquitted from all charges | U/s 414,120 (B) of Indian Penal Code, punishment- 3 years &penalty-Rs.5000/ | 3 Years & Rs. 5000/penalty (CriminalAppeal -06/2018 on 01.02.2018 was filed against this decision in the court of PD&SJ, Ramgarh. The above case was disposed off on 07.01.2020 & candidate was acquitted from all charges.) |

**Sd./-**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**LEGISLATIVE ASSEMBLY, JHARKHAND**
**JHARKHAND**

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तमाड़ में कल करेंगे जनसभा का संबोधित



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के मरधान संकुल मैदान में 11 नवंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विशाल जनसभा होगी। एनडीए गठबंधन के जदयू उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के समर्थन में जन सभा करेंगे और सैलेंडर छाप पर बटन दबाकर जिताने की अपील करेंगे।

## चुनाव को लेकर पुलिस ने किया एलआरपी

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर लेकर मैकलुस्कीगंज पुलिस ने थाना थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के दुल्ली, कोनका, मायापुर आदि मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और एलआरपी किया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों में सुविधाओं का निरीक्षण किया।

# खूंटी में 78 लाख की अफीम और 15 लाख कैश समेत दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले खूंटी पुलिस ने अफीम माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 78 लाख रुपये की अफीम और 15 लाख कैश के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी अड़की थाना क्षेत्र के हेंदेहस्सा गांव के जोहन नाग और कुडुंबदा गांव के निवासी अल्बर्ट कंडिर हैं।

डीएसपी वरुण रजक ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस कार्रवाई का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तोरपा के अड़की क्षेत्र में कुछ संदिग्ध युवकों का तोरपा क्षेत्र में लगातार आवागमन की सूचना थी। इस आधार पर तोरपा पुलिस ने संदिग्धों पर नजर रखना शुरू किया। कई दिनों तक पुलिस के रडार में रहे युवकों का ठिकाना



पुलिस को हाथ लगी। तोरपा के ही निवासी शशिभूषण साहू के मकान को किराये में ले रखा था और उसी घर में लगातार अफीम डंप किया करता था।

ये तस्कर तोरपा से ही अवैध अफीम का धंधा करते थे ताकि किसी को भनक न लग सके, क्योंकि तोरपा इलाके में अफीम के धंधेबाज नहीं आते हैं और न ही क्षेत्र में अफीम की खेती होती है। जिसके कारण पुलिस भी मामले पर फोकस नहीं रखती थी। अचानक कुछ संदिग्धों की पड़ताल के बाद घर से पुलिस ने अफीम की खेप बरामद की और घर से ही लाखों रुपये जब्त किया।

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर अड़की, मारंगहदा, सायकोल के आसपास इलाके सहित रांची के बुंडू, दशम फॉल सहित अन्य इलाकों से अफीम खरीद बिक्री का काम किया करता है। विगत कई वर्षों से यह लोग विभिन्न जगहों से अफीम खरीद कर अफीम के बडें तस्करों को बेचा करता था। बरामद रुपये भी तस्करों द्वारा अफीम बेचकर जुटाया गये था। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने कई बड़े रैकेट और अफीम बेचने वालों का खुलासा किया है। पुलिस को दिये स्वीकृति बयान पर पुलिस जांच कर रही है और इस रैकेट में शामिल अन्य तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा भी है।

बता दें कि शुक्रवार को हजारीबाग पुलिस ने जिस अफीम तस्कर विजय कुमार कल्ड को दो करोड़ 41 लाख रुपये की अफीम और 29 लाख नकद के साथ गिरफ्तार किया था उस तस्कर से जोहन नाग और अल्बर्ट कंडिर का संपर्क रहा है। इस अभियान में डीएसपी वरुण रजक, तोरपा इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय सहित तोरपा थाना के जवान शामिल रहे।

# भाजपा ने जीतूचरण राम के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** भाजपा के द्वारा खलारी में टोली बनाकर कांके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ जीतूचरण राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खलारी क्षेत्र के मोहननगर, चुरी पश्चिमी, भूतनगर, बुकबुका, लपरा, अंबा टोंगरी, होयर में जनसपंर्क अभियान चलाया गया। जनसपंर्क अभियान के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी जीतूचरण राम के पक्ष में वोट देने की अपील की गयी। जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझु, अरविंद सिंह, भरत रजक, कार्तिक पांडेय, शत्रुंजय सिंह अशर्फी राम, रामबली चौहान, मिथलेश ठाकुर, हीरा दास माणिक पुरी, रामाशीष चौहान, राजेश्वर चौहान, बीरेंद्र चौहान, दिनेश चौहान, गुप्तेश्वर पासवान, जितेंद्रनाथ पांडेय, सुबोध रजक, श्याम सुंदर सिंह, नीरा देवी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी सिंगराय टूटी के नेतृत्व में बुंडू प्रखंड में निकाला गया बाइक जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** शनिवार को निर्दलीय प्रत्याशी सिंगराय टूटी के नेतृत्व में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू प्रखंड में सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। उनके समर्थन मे कई संगठन के लोग खुलकर आये हैं। यह मोटरसाइकिल जुलूस धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल से शुभारंभ होकर पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख इलाकों के गांवों में परिक्रमा करते हुए बुंडू वापस पहुंचकर समाप्त हो गयी। सिंगाराय टूटी ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड का अभियंता ने प्रमुख पद पर सेवा दिया और क्षेत्र की समस्याओं से परिचित हुआ। पिछले कई वर्षों से गांव-गांव घूम कर लोगों की सेवा की है। उन्होंने ने कहा कि सभी वर्गों के समर्थन से मेरी जीत सुनिश्चित है। इस मौके पर शिवजन मुंडा, राजकिशोर कुशवाहा, हरिहर महतो, अजुजु पटनी, केशव चंद्र महतो, सुधा मुंडू, ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधि मुखिया वार्ड सदस्य के अलावा बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल थे।

## सुदेश महतो ने की चुनाव को लेकर बैठक



मुरी (आजाद सिपाही)। शनिवार को आजसू प्रमुख और विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा के ग्राम प्रभारी और पंचायत प्रभारियों के साथ चुनाव को लेकर बैठक की। जिसमें सभी को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये जिससे चुनाव की तैयारी भली भांति हो सके। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है जिसमें कई पलटू राम दल बदलू नेता आपको उलझाने की कोशिश करेंगे, अतः आपको ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। आजसू एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है जहां सभी को सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है, इसलिए कोई भी कार्यकर्ता या हमारे पदाधिकारी गण किसी से उलझे नहीं बल्कि, लोगों से संपर्क करें और पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छी रिजल्ट देने का काम करे। मौके पर दूसरे दल के कई लोग आजसू पार्टी का दामन थामा जहां विधायक सुदेश महतो ने उनका स्वागत किया।

## निर्दलीय प्रत्याशी गुंजल ईकिर मुंडा ने ढोल नगाड़े के साथ नगर में किया रोड शो



बुंडू (आजाद सिपाही)। शनिवार को निर्दलीय प्रत्याशी गुंजल ईकिर मुंडा ने ढोल नगाड़े के साथ सांस्कृतिक दल के साथ नगर में रोड शो कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरूआत धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल पर नमन कर किया गया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बुंडू नगर के सभी वार्ड क्षेत्र में रोड शो कार्यक्रम कर एक मौका देने की अपील किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी वर्गों का मुझे समर्थन मिल रहा है। मेरे पिता पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा पांच परगना बुंडू के जिला अध्यक्ष बनाना चाहते थे। मैं उनके सपनों को साकार करूंगा और क्षेत्र की जन समस्या और लोगों की सेवा में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर डॉ सुभाष मुंडा, अभिजीत सिंह मुंडा के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में नाबालिग राधा उरांव की मौत, एक की स्थिति गंभीर



मृतक का फाइल फोटो

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुईडीह गांव निवासी राधा उरांव 17 वर्षीय नाबालिग युवक की मौत हो गयी और उनके साथी प्रवीण उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को मुरी की और से अपना गांव लौटने के क्रम में सिल्ली रांगामाटी सड़क पर सिल्ली थाना क्षेत्र के लोवादाग के समीप एक मारुति सुजुकी डिजायर से मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत हो गयी, जिससे मोटरसाइकिल सवार राधा उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और उनके साथी प्रवीण उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है।

# विस्थापित रैयत जाहिद ने चुनाव के बाद किया बंदी का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के बहेरा गांव के विस्थापित रैयत जाहिद अली ने अपने मांगों के समर्थन में विधानसभा चुनाव के बाद क्षेत्र में बंदी करने का आह्वान किया है। उन्होंने पिपरवार के राजधर रेलवे साईडिंग से विस्थापित होने पर पेड़-पौधा का मुआवजा देने और प्लॉट की समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को कई बार ज्ञापन सौंप चुका है। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं होने के बाद उन्होंने बंदी का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि यह मामला 20 साल पहले का है। राजधर रेलवे साइडिंग निर्माण के दौरान उनकी



जमीन का अधिग्रहण किया गया था,लेकिन प्लॉट की समस्या का हवाला देते हुए प्रबंधन के द्वारा अभी तक पेड़ पौधा का मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता कार्यालय का चक्कर लगाकर इस दुनिया से विदा हो गये,उसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है और अब वह स्वंय कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं। स्थानीय प्रबंधन प्रबंधन से लेकर मुख्यालय स्तर तक उनके द्वारा कई बार आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि आवेदन देने के बाद प्रबंधन द्वारा सिर्फ वार्ता की जाती है और समय ली जाती है, लेकिन निर्धारित समय के अंदर किसी तरह का कोई भी पहल नहीं किया जाता है। पिछले महीने हुई वार्ता में प्रबंधन द्वारा 5 नवंबर तक मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अभी तक मांगे पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है, जिसको देखते हुए उन्होंने चुनाव के बाद बंदी करने का निर्णय लिया है।

## तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा निवासी 8 वर्षीय सीसीएल कर्मचारी अशरफ अली पिता स्व. मजीद मियां का निधन शनिवार की सुबह तबीयत खराब होने से हो गयी। वह चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत कामता गांव का निवासी था और वर्तमान में बचरा बिशुझापा मे रहकर सीसीएल आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया में कार्यरत था। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को वह ड्यूटी कर अपने घर आया, इसके बाद देर रात को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गयी। परिजनों के द्वारा उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने से पूर्व बचरा अस्पताल में उनका निधन हो गया।

## सोहराई जतरा का आयोजन



इटकी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय राजमार्ग 23 के इटकी मोड़ स्थित सरना स्थल पर शनिवार को सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में लोग अपने-अपने खोड़हा में मांदर की थाप पर जमकर पारंपरिक नृत्य करते रहे। करीब तीन बजे महिला पुरुष बारीडीह गांव से शोभा यात्रा की शुरूआत की। शोभा यात्रा में लोग ढोल मांदर की थाप पर नाचते गाते जतरा स्थल पहुंचे, इसके बाद जतरा स्थल का परिक्रमा किया। शोभायात्रा का नेतृत्व काठ के घोड़े पर बैठ कर मुख्य अतिथि डॉ दिवाकर मिंज और संरक्षक जन्मेजय गोप कर रहे थे। जतरा के संस्थापक सह मुख्य अतिथि डॉ दिवाकर मिंज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सोहराइ जतरा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है। पुरखों के विरासत से मिली इस धरोहर को संजो कर रखना प्रत्येक झारखंड के निवासी का कर्त्तव्य बनता है। ऐसी सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एक सुत्र में बांध रखती है। समारोह को प्रोफेसर मेघा उरांव, प्रो० गवां तिग्गा, सुका उरांव, जितू उरांव सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। जतरा में अपने अपने खोड़हा पर देर शाम तक नाचते झुमते नजर आये। जतरा में 22 पड़हा नगड़ी, 21 पड़हा कुल्ली, 8 पड़हा, 12 पड़हा, 5 पड़हा, से संबंधित दर्जनों गांवों के लोग हाथी घोडा रंपा चंपा, झंडा सहित अन्य प्रतिकों के साथ हजारों की संख्या में भाग लिया। इसके पूर्व करीब सुबह दस बजे पहान रितेश केरकेट्टा और पइनभारा चारो खलखो ने शक्ति पीठ जतरा खुटा पर रंगुवा मुर्गे की बलि देकर अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। मंच पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, इसेश शाही, ऐतो भगत, जमील अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# झालोक्रां मोर्चा के कांके विस प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कांके विधानसभा के प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न पंचायतों का दौरा किया गया। दौरे के क्रम में बमने पंचायत, राय पंचायत, चुरी पूर्वी, डकरा, बिश्रामपुर, तुमांग पंचायत, चुरी दक्षिणी पंचायत का दौरा किया। दौरे के क्रम में प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया। फुलेश्वर बैठा ने धमधमिया में बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं कहा कि इस बार कांके विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की हवा चल रही है। इस बार कांके विधानसभा क्षेत्र में बदलाव होगा। और कैंचीछाप पर वोट देने की अपील की गयी। इस मौके पर राजेंद्र महतो, उमेश यादव, तौहीद अंसारी, लखन महतो, विजय प्रजापति कुलदीप कुमार, रतिया गंझु, इरफान खान, व्यास महतो, रुपेश केसरी, प्रिंस खान, मुन्ना गंझु, दीपक महतो, कृष्णा कुमार, तारकेश्वर महतो धर्मनाथ महतो, दिनेश महतो, संतोष महतो, आशीष शर्मा, बीरबल महतो, सरजू सिंह, कमलू महतो, नंदू प्रजापति, कृष्णा कुमार, शंकर महतो, देबप्रसाद महतो, हरी शंकर, राजू, कुमार चन्दन महतो, सुखनाथ महतो, कामेश्वर कुमार, बंटी सिंह, बजरंग यादव, सतेंद्र यादव, राजेंद्र महतो, प्रिंस अंसारी, सोनू ठाकुर, रितेश केशरी, अमित यादव, रजनीश, प्रमोद, रविंद्र, उपेंद्र कुमार, सूरज, करण, श्रवण, डब्लू, राकेश कुमार सिंह, अनूप मिस्त्री सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **सरयू प्रसाद वर्मा,** ग्राम-बड़कीधमराय, पो0-तिलैयाडेम, थाना - जयनगर, जिला - कोडरमा (झारखण्ड)

राजनीतिक दल का नाम :- **बहुजन समाज पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **20 - बरकट्ठा**

मेरे विरुद्ध निम्नलिखित आपराधिक मामले लंबित हैं।

(यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक मामले लंबित हैं तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और उपरोक्त विकल्प (प) को काट दें और नीचे की सारणी में सभी लंबित मामलों का ब्यौरे दें)

**सारणी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं. | जयनगर, थाना कांड सं. 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला स. | ए.सी जेस म कोडरमा 236/21 | लागू नही | लागू नही |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं धारा की सं. दें अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा | धारा- 341/323 325/353/504/ 506/34 I.P.C. | लागू नही | लागू नही |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | जमानतीय | लागू नही | लागू नही |
| (ड़) | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ड.) के सामने उत्तर हां है, तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किए गए थे | लागू नही | लागू नही | लागू नही |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरूद्ध कोई अपील पुनरक्षित के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हाँ या नही का उल्लेख करें) | नहीं | लागू नही | लागू नही |

ह0/-
सरयू प्रसाद वर्मा
बहुजन समाज पार्टी
20- बरकट्ठा विधानसभा 2024


# विधायक के गले की फांस बनेगा कैनाल रोड

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** विधानसभा का चुनाव धीरे-धीरे अंतिम पड़ाव की ओर जा रहा है, सभी राजनीतिक दल के उम्मीदवार और निर्दलीय प्रचार -प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं चारो ओर भोपुओं की आवाज गूंज रही है। तमाड़ विधानसभा में 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े हैं, सभी जोर आजमाइश कर रहे हैं। बूथ मैनेजमेंट में भी उम्मीदवारों के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। वर्तमान विधायक विकास कुमार मुंडा के 10 साल के कार्यकाल का चर्चा कर रहे हैं। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र तमाड़ के लाइफलाइन कहे जाने वाले कैनाल रोड के सात पंचायत की चर्चा जोरों पर है। यह सड़क वर्तमान विधायक विकास कुमार मुंडा की गले की फांस ना बन



जाये। पिछले 10 वर्षों में एनडीए और महागठबंधन सरकार में रहकर भी तमाड़ पूर्वी अलग प्रखंड और बिरबांकी अलग प्रखंड की घोषणा नहीं करा सके। इसके अलावा चोरी-छिपे अवैध बालू का धंधा वे रोक टोक चलता रहा, जिसमें विधायक की भूमिका संदिग्ध थी, उनकी पत्नी द्वारा बालु पकड़ने का मामला भी उजागर हुआ। तमाड़ के लोगों की प्रमुख मांग थी एक बीड कॉलेज, एक हरिजन हाई स्कूल जो बन न सका। हरिजन स्कूल के लिए जमीन का आवंटन भी कर दिया गया, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। तैमारा दशम फॉल इलाका में ऑनलाइन में जाति में मुंडा की जगह स्वासी चढ़ा दिया गया, जिसमें सुधार नहीं हो सका। बुंडू का लाइफ लाइन बड़ा तालाब की साफ सफाई और निर्माण कार्य में 5 करोड़ रुपये पानी की तरह बहा दिये गये, लेकिन उसकी काया पलट नहीं हुआ। बुंडू अनुमंडल तो बना, लेकिन न जेल ही बना और ना ही कर्मचारियों की पोस्टिंग हुई। शिक्षा व्यवस्था चरमरा सी गयी है। बुंडू में पेयजल की समस्या सालों भर रही, इसका कोई अस्थायी समाधान ना निकला। पिछले 10 वर्षों में कोई भी बड़ी योजनाएं इस विधानसभा क्षेत्र में नहीं बनी। विधायक ने विजयगिरी सुरंगी जलाशय परियोजना में पर्यटन विभाग की ओर से पार्क बनाने की घोषणा की थी जिस पर अमल नहीं हुआ यह घोषणा सिर्फ घोषणा बनकर ही रह गयी। सालों भर सड़क के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग रांची-टाटा रोड कोयला सहित अवैध धंधे चलते रहे जिस पर रोकथाम न हुआ। वर्षों से लोगों को आश्वासन ही मिलता रहा, जमीन में काम कम दिखायी दिया। अब जनता धीरे-धीरे गोल बंद हो रही है। इसका परिणाम चुनाव का रिजल्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क के किनारे अतिक्रमण का मामला है जिसपर शिकायत के बाद भी चुप्पी साध दी गयी है। फिर विधायक की नैया इस चुनाव में कैसे पार होगी? विधायक के बड़े भाई राज कुमार मुंडा भी बगावत कर छोटे भाई के खिलाफ झारखंड पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं उनका भी कहना है कि मेरे पिता स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा का सपना साकार नहीं हुआ। पिछले दस वर्षों से तमाड़ का विकास नहीं हुआ, इसलिए मुझे चुनाव में उतरना पड़ा। यह चुनाव तमाड़ विधानसभा के विकास की लड़ाई है।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को मतदाता जागरूकता को लेकर बच्चों के बीच पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में कक्षा छः से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने मतदाता जागरूकता को लेकर अलग-अलग सुंदर पोस्टर बनाया और लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने कैसे मतदान का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है। हमें जरूर से जरूर मतदान करनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देनी चाहिए। पोस्टर के माध्यम से बच्चों ने बताया कि हमें पैसे या कोई लालच में आकर वोट नहीं करनी चाहिए बल्कि वैसे उम्मीदवार को वोट देनी चाहिए जो हमारे क्षेत्र का विकास राष्ट्र निर्माण में सहयोग करे। वहीं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में सृष्टि उरांव, प्रिया कुमारी, अंश तिर्की, आकृति स्नेहा और सृष्टि राज को प्रथम स्थान मिला। आयात प्रवीण, भावेश कुमार, शिक्षा सिंह और साक्षी तिग्गा को दूसरा स्थान। एलेक्स खेश, आशिया परवीन, प्राची मेहता और रानी कुमारी को तीसरा स्थान मिला। सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल के मतदाता होंगे और इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में जागरूकता आती है कि मतदान कितना जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने घरों एवं पड़ोस में जो मतदाता हैं उन्हें जरूर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कोई भी वोट देने से वंचित न हो और सभी मतदान करें।

## संविधान को बचाने के लिए शिल्पी तिर्की को वोट दें: इमरान प्रतापगढ़ी



**इटकी (आजाद सिपाही)।** देश में भाजपा नफरत फैला रही है। संविधान को बचाने के लिए अकलियतो व आदिवासियों को एकजुट होकर आइएनडीआइए महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिकी के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनायें और झारखंड में गठबंधन की पुनः सरकार बचाएं। उक्त बातें राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कही। वे शनिवार को इटकी के कुन्दी मैदान में आयोजित कांग्रेस के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को प्रत्यासी सह विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व बंधु तिर्की ने भी संबोधित किया। कहा कि पूरे देश में कहीं भी अकलियतो व आदिवासियों के ऊपर अत्याचार होता है तो सबसे आगे बंधु तिर्की उसके लिए विरोध करता है। अपने राजनीतिक जीवन में हम सभी को साथ लेकर चले हैं। शिल्पी को जीताने का मतलब आपको दो-दो विधायक एक साथ मिल जाना है। पिछले दिनों सदन में बांग्लादेशी के मुद्दे पर शिल्पी नेहा तिर्की ने सदन में पुरजोर विरोध किया था। इस दौरान शिवली मंजूर, मुजीबुल्लाह परवेज आलम, मजबूर सिद्दीकी, इमरान आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहींइस मौके पर अमीन अंसारी, कलीम अंसारी, मुस्ताक अहमद, नौशाद, इनामुल, मो रसीद आदि उपस्थित थे।

## हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने वाचन के लिए प्रकृति, पेड़, फूल, मां, शिक्षक, स्कूल का माहौल, अनेकता में एकता आदि कई बुनियादी विषयों को चुना और इस पर बड़े जोश और उत्साह के साथ अपने विचारों को व्यक्त किया। उन्होंने सुंदर भावों, विचारों और लय के साथ कई कविताएं भी प्रस्तुत की। उनके शब्दों और मासूम हाव-भाव ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाना और उनके सार्वजनिक भाषण कौशल व नेतृत्व क्षमता को बेहतर बनाना है। प्रतियोगिता में प्रथम रोहित राज, पिरिनसी मुंडा, परिधि बेदिया, आदर्श राज आदि रहे।

### बेड़ो महादानी मैदान में असम के सीएम ने सन्नी टोप्पो के समर्थन में की जनसभा

# घुसपैठियों को चुन-चुन कर खदेड़ देंगे: हिमंता विश्वा शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



सन्नी टोप्पो के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हिमंता विश्वा शर्मा।

**बेड़ो।** रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए भाजपा कृतसंकल्पित है। सरना व सनातन समाज को एकजुट होकर चुनावी जंग में आवाज बुलंद करनी होगा। उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड के चुनाव प्रभारी हिमंता विश्वा शर्मा ने कही। वे शनिवार को भाजपा की ओर से महादानी मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश और राज्य का समग्र विकास कर सकती है। सरना और सनातन समाज का समग्र उत्थान भाजपा सरकार ही करेगी। उन्होंने मांडर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। कहा कि मुड़मा जतरा टांड़ की 65 एकड़ जमीन को सरकार द्वारा अधिकृत मुड़मा जतरा समिति को सौंपा जाएगा। कहा कि झारखंड में घुसपैठियों के आने से आदिवासियों और मूलवासियों का जीवन अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया है। भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को राज्य से खदेड़ दिया जाएगा। झारखंड में बालू सोने से भी ज्यादा महंगा हो गया है। राज्य सरकार ने वृद्धा व विधवा पेंशन बंद कर मंईयां योजना के तहत सास और बहू के बीच दरार पैदा कर दिया है। एनडीए की सरकार बनते ही हम सास को 2500 पेंशन व गोगो दीदी के तहत बहू-बेटियों को 2100 रुपए की सहयोग राशि देंगें। कहा कि सहारा का पाई-पाई पैसा वसूल करूंगा। भाजपा 21 लाख प्रधानमंत्री आवास, 500 रुपए में रसोई गैस सिलिंडर और साल में दो बार मुफ्त में गैस सिलिंडर देगी। राज्य सरकार धान नहीं खरीदती है। हमारी सरकार बनी तो हम किसानों के व्यापक हित में छत्तीसगढ़ के तर्ज पर 3100 रुपया प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी कर 48 घंटे के अंदर राशि का भुगतान करेगी। सीजीएल परीक्षा को रद्द कर घोटाले में शामिल लोगों को बेनकाब कर जेल भेजेंगे। झारखंड में खर्ची और पर्ची के बगैर नौकरी देंगें। वहीं, भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने कहा कि राज्य सरकार और यूपीए गठबंधन में शामिल राजनीतिक दल आदिवासियों और मूलवासियों का विकास नहीं चाहते। कहा कि मांडर में परिवर्तन की आंधी चल रही है। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा व एनडीए प्रत्यासियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। दूसरी ओर, शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सन्नी टोप्पो का समर्थन करने की घोषणा की। इस दौरान विभिन्न दलों के सैंकड़ों कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। जिन्हें असम के मुख्यमंत्री ने फूल माला पहनाकर व भाजपा का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभा में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक राम खेलावन, गंगोत्री कुजूर, प्रभारी रिपुसुदन साहू व पड़हा राजा महादेव उरांव ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर धनंजय कुमार राय, राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, जगरनाथ भगत, हिंदिया टोप्पो, राजेश साहू, सुनील कच्छप, जतरु उरांव, नीरज कुजूर, सुशांति भगत, सतीश शाह व भीखा उरांव आदि मौजूद थे।

## झारखंड में बन रही एनडीए की सरकार : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने शनिवार को तुरुप में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि यह निर्णय का समय है। हम हर तरह से बेहतर हैं। राज्य में एनडीए सरकार बनने में कुछ दिन शेष हैं। सुदेश महतो ने एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन के पक्ष में आजसू कार्यकर्ताओं को गोलबंद किया। कहा कि राज्य में एनडीए सरकार बनते ही विकास की गति दिखाई देगी। पहली कैबिनेट में ही महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा। अबकी बार रोजगार देने वाली सरकार बनेगी। कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले 5 साल की सरकार ने झारखंड और झारखंडियों की अस्मिता पर चोट पहुंचाया है। इस सरकार ने सबसे ज्यादा नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, इसलिए हमने उन्हें ही प्राथमिकता में सबसे आगे रखा है। अबकी सरकार रोजगार देने वाली सरकार होगी। साथ ही महिला, किसान, सामाजिक न्याय, खेल-कूद, जल जंगल जमीन की रक्षा भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। खिजरी से भी एनडीए की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने गोंदलीपोखर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर प्रत्याशी रामकुमार पाहन, जैलेंद्र कुमार, संजय महतो, सुरेंद्र महतो आदि थे।

## बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ओरमांझी प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकालकर मतदान देने चलो स्लोगन के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। चकला राजकीयकृत मध्य विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय उर्दू कन्या के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों ने रैली निकालकर गांव के विभिन्न टोलों में नारे लगाते हुए अभिभावकों को मतदान में अवश्य भाग लेने की अपील की। बच्चों ने 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो', ' पहले मतदान फिर जलपान' आदि नारे लगाए। इसके बाद विद्यालय में बच्चों के बीच मतदान के महत्व पर कविता, रंगोली निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता में चंदन कुमार, रंगोली प्रतियोगिता में राधिका की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक, सुचित्रा कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, अनुपा शैल बाला कुजूर, प्रधानाध्यापका मो जमाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कांके : तालाब में डूबने से दो की मौत

**कांके (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बीएयू परिसर स्थित गुलैची तालाब में मछली पकड़ने गये दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह 9 बजे की है। मृतकों की पहचान कांके नगड़ी निवासी रंजन टोप्पो (29) व दुबलिया निवासी बुधवा उरांव (55) के रूप में हुई है। मृतक रंजन टोप्पो बीएयू के वेटनरी कॉलेज में आकस्मिक मजदूर था। वह वर्तमान में बीएयू परिसर स्थित मीनियस फार्म क्वार्टर में रहता था। इस संबध में दोनों मृतकों की पत्नियों ने कांके थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। वहीं शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने दोनों का कपड़ा, चप्पल व मछली जाल तालाब किनारे देखा। तुरंत इसकी जानकारी कांके थाने को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और ग्रामीण गोताखोरों से बात की। लेकिन तालाब में अत्याधिक जलकुंभी होने की वजह से ग्रामीण तैराक तालाब में नहीं उतर पाये। बाद में एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। इसके बाद शनिवार की शाम 6 बजे (30 घंटे के बाद) दोनों का शव तालाब से निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## राजेश कच्छप की पत्नी रिया ने चलाया जनसंपर्क, पति के लिए मतदान की अपील



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्यासियों के साथ ही उनकी पत्नी भी अपने पति के पक्ष में लगातार जनसंपर्क कर वोट देने की अपील करती नजर आ रही है। इसी क्रम में शनिवार को खिजरी के वर्तमान विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप की पत्नी रिया तिर्की ने नामकुम-पुरुलिया रोड स्थित जोरार बस्ती, तेतरी टोली, न्यू कॉलोनी, साई नगर, पंडित सदन, दुबे कॉलोनी, हाईटेंशन कॉलोनी आदि जगहों पर जनसंपर्क चलाकर पति राजेश कच्छप के हाथ छाप में वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। कहा कि यह चुनाव केवल उनके पति के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए भी अहम है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अगर राजेश कच्छप फिर से विधायक बनते है तो खिजरी क्षेत्र का विकास कार्य और तेजी से आगे बढ़ेगा। मंच संचालन प्रखंड अध्यक्ष रीना सांगा व धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव मीनू सिंह ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष मेरी तिर्की, नामकुम महिला प्रखंड अध्यक्ष अनु बेक, शशि टोप्पो, सुचीता टोप्पो के साथ सैकडों महिलाएं उपस्थित थी।

## झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची में शनिवार को राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट पुंदाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सुशील कुमार ने अपने विचारों को साझा किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्रों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के भीतर उद्यमिता के महत्व को समझाना, उनमें आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना को जागृत करना था। डॉ सुशील कुमार ने कहा कि उद्यमिता हमारे समाज और अर्थव्यवस्था के विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। कहा कि युवाओं के पास ऐसे अवसरों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति होती है। इधर, टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने भी उद्यमिता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## झारखंड में शिवसेना ने मांडर से भाजपा प्रत्याशी को किया समर्थन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शिवसेना के झारखंड प्रमुख दीपक सिंह ने शनिवार को बेड़ो के महादानी मैदान में आयोजित भाजपा के जनसभा के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा और मांडर से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो से मुलाकात की। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों के साथ में इस बार के झारखंड विधानसभा चुनाव में मांडर से भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो को समर्थन करने की घोषणा की। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को सन्नी टोप्पो के लिए मतदान करने का आह्वान किया।

## कांग्रेसियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह खिजरी विधायक के सलाहकार रमेश उरांव के नेतृत्व में आइएनडीआइए महागठबंधन के प्रत्याशी सह वर्तमान विधायक राजेश कच्छप के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रखंड के जयडीहा, बरतुआ, गणेशपुर, मनातु, साहेर आदि गांवों के लोगों से राजेश कच्छप के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी। इसमें वरिष्ठ नेता रमेश उरांव, ग्राम प्रधान घनेनाथ करमाली, बालेश्वर उरांव, शंकर करमाली आदि थे।


### प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **नीलकंठ सिंह मुण्डा, ग्राम-माहिल जामटोली, पो० माहिल, थाना- मुरहूजिला - खूंटी**

राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60 खूंटी (अ.ज.जा)**

मैं **नीलकंठ सिंह मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दण्डाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |
| 2. | WPC | 735/24 | Quasing petition related to लालपुर 203/24 | |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0
**नीलकंट सिंह मुण्डा**
भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 2024



### Format C-7

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why to her individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.
(As pet the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble supreme Court in contempt petition (C) No.. 2192 of 2018 in wp (C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

Name of Election : **VIDHAN SABHA 2024**

Name of State /UT : **JHARKHAND**

(I) Name of the Constituency :- **69- Bishunpur Assembly (ST)**
Name of the Candidate : **SRI CHAMRA LINDA**

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | (1) Criminal attendants | | |
| | a. | Nature of the offences | Deter Public servant from discharging of his duty |
| | b. | Case No. | In the Court of M.P./M.L.A. Ranchi, Jagarnathpur P.S. No.- 115/2013 dated 21.05.2013 Gr-2611/2013 |
| | c. | Name of the Court | I/C, J.M M.P/M.L.A., Court Ranchi |
| | d. | Whether changes have been frame or not (yes/no) | No. |
| | e. | Date of conviction, if any | Not applicable |
| | f. | details of punishment undergone, if any | Not applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Already on bail to cont. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference qualification, 10 the achievements andmetit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Three times M.LA. from Bishunour constancy and whip (sachetak) from SLA Jharkhand State |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not wore than 100 words) | | Sri Chamra Linda is law abiding citizen. He is very well experienced and sincere party worker that is why he has been selected party candidate from Bishunpur constituency. No other individual with such ezperience could be identified for the same. |

Sd/.
**SRI CHAMRA LINDA**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA**
**VIDHAN SABHA JHARKHAND 2024**

# विश्रामपुर में आइएनडीआइए गठबंधन में टूट से राजद व कांग्रेस को नुकसान की आशंका

## मतों का बिखराव भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी की हैट्रिक की राह कर सकती है आसान

**कांग्रेस को मिला झामुमो का साथ, सेकुलर मतदाताओं का झुकाव बढ़ रहा सपा के साथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए गठबंधन के राजद एवं कांग्रेस दोनों के प्रत्यासी चुनाव लड़ रहे हैं। राजद से नरेश प्रसाद सिंह और कांग्रेस से सुधीर चंद्रवंशी चुनावी मैदान में आमने सामने हैं। आइएनडीआइए महागठबंधन की इस टूट से राजद व कांग्रेस दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि



झामुमो का साथ मिलने के बाद कांग्रेस का पलड़ा राजद से भारी दिख रहा है। झामुमो के आला नेतृत्व की ओर से कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा के बाद से



कार्यकर्ता अब खुलकर कांग्रेस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जिसका फायदा भी सुधीर चंद्रवंशी को मिलता दिख रहा



है। राजद-कांग्रेस की इस लड़ाई में भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी राहत की सांस ली है। मतों का बिखराव ही भाजपा प्रत्यासी



रामचंद्र चंद्रवंशी की जीत का हैट्रिक लगाने का रास्ता कुछ आसान कर सकता है। जिसके लिए रामचंद्र चंद्रवंशी पूरा जोर भी लगा रहे हैं। इधर, कांग्रेस व राजद की आपसी लड़ाई के बाद सेकुलर मतदाताओं का झुकाव सपा प्रत्यासी अंजू सिंह की ओर बढ़ रहा है। जिससे अंजू सिंह मजबूत होती दिख रही हैं। तीसरी बार चुनाव लड़ रही अंजू सिंह का सभी जाती वर्ग में अच्छी पैठ है। इस बार मुस्लिम और यादवों का भी बड़ा तबका उनके समर्थन में उतर गया है। जिससे विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण एक नया करवट ले सकता है और चुनाव परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकता है।

# आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार बनी तो 10 लाख युवाओं को मिलेगी नौकरी: तेजस्वी यादव



**हरिहरगंज में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एवं वीआइपी पार्टी के संरक्षक मुकेश साहनी ने की जनसभा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हुसैनाबाद से आइएनडीआइए गठबंधन समर्थित राजद प्रत्यासी संजय सिंह यादव की भारी मतों से जीत होगी। उक्त दावा बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कही। वे शनिवार को हरिहरगंज के राधा कृष्ण मैदान में राजद प्रत्यासी के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार जनता का आशीर्वाद मिला तो गरीब गुरबा की लड़ाई लड़ने में ताकत मिलेगी। झारखंड में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार ने 5 लाख नौकरी दी है, इस बार भी सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी दी जाएगी। साथ ही महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत अब 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। कहा कि भाजपा के लोग केवल नफरत फैलाते हैं। झारखंड में सबसे ज्यादा विधायक और सांसद रहने के साथ ही सबसे ज्यादा समय तक भाजपा की ही सरकार रही। बावजूद इसके भाजपा ने बेरोजगार युवाओं और माता बहनों के लिए कुछ नहीं किया। कहा कि कई बड़े नेता भाजपा के आगे घुटने टेक देते हैं। लेकिन राजद के लोग कभी भी फिरकाप्रस्त शक्तियों के साथ समझौता नहीं किये। वहीं, वीआईपी पार्टी के संरक्षक मुकेश साहनी ने भी क्षेत्र के लोगों से प्रत्यासी संजय सिंह यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर बिहार सरकार में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, झारखंड राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, आनंद यदुवंशी आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने छतरपुर में की चुनावी जनसभा, राहुल गांधी-हेमंत सोरेन पर साधा निशाना

# भाजपा के रहते अल्पसंख्यकों को अलग से अतिरिक्त आरक्षण नहीं मिलेगा: अमित शाह

**कहा- राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी 370 वापस नहीं ला सकती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पलामू जिले के छतरपुर में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के समर्थन में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी पर जम कर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल पर आरक्षण की राजनीति को लेकर सवाल उठाए। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि भाजपा के रहते हुए अल्पसंख्यकों को अलग से अतिरिक्त आरक्षण नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस अल्पसंख्यकों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की




छतरपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

बात करती है, लेकिन भाजपा इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, अमित शाह ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि उनकी चौथी पीढ़ी भी धारा 370 को वापस नहीं ला सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी भारतीय संविधान का अपमान कर रहे हैं। शाह के मुताबिक राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर चलते हैं, लेकिन उसे महज 'कोरा कागज' समझते हैं।

### घुसपैठियों के खिलाफ दिखाया कड़ा रुख

अमित शाह ने कहा कि झारखंड सरकार वोट बैंक की राजनीति के चलते घुसपैठियों का समर्थन करती है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सत्ता में आई तो घुसपैठियों को भूमि दान पत्र के जरिए जमीन मिलने की प्रक्रिया बंद कर दी जायेगी और घुसपैठियों को राज्य से बाहर किया जायेगा। इसके अलावा शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों को कड़ा दंड मिलेगा। पेपर लीक के मामलों की एसआइटी जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजा जायेगा। उन्होंने झारखंड में भ्रष्टाचार को लेकर हेमंत सरकार पर भी जुबानी हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार में पांच लाख युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी।

अमित शाह ने बताया कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए सरकार ने झारखंड को केवल 84 हजार करोड़ रुपये दिए थे, जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 से 2024 तक 3.99 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे झारखंड का विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# ब्रह्मदेव प्रसाद ने क्षेत्र के विकास के लिए मांगा समर्थन



विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत सोलह बिगहवा गांव में विश्रामपुर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी व ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने शनिवार को जनसभा की। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र को हर संभव विकास के पथ पर ले जाना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क निर्माण और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को अपने चुनावी एजेंडे का केंद्र बिंदु बताया। वादा किया कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वे क्षेत्र को एक नई दिशा देंगे। इस दौरान ब्रह्मदेव प्रसाद ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहें और सही प्रतिनिधि का चयन करें जो उनके हक और विकास के लिए सच्ची आवाज बन सके। सभा में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने ब्रह्मदेव प्रसाद को अपना समर्थन दिया।

# डीसी एवं एसपी ने सेक्टर अधिकारियों के साथ की बैठक

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। 13 नवंबर को पलामू जिले के के पांचों विस क्षेत्र के लिये मतदान निर्धारित है। इसी के निमित शनिवार को टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन व एसपी रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें चुनाव से संबंधित जरूरी निर्देश दिया।

# झारखंड की जनता झामुमो-कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकेगी : जेपी नड्डा

## कहा- भाजपा सरकार बनते ही एक-एक घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे

जयकांत शुक्ला

**मेदिनीनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को विश्रामपुर में भाजपा की ओर से आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। कहा कि, झारखंड की माटी और संस्कृति की रक्षा में आदिवासी समाज ने हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आदिवासी समाज ने देश की आजादी और भारत की संस्कृति को बचाने में अपने प्राणों की आहुति दी। भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी और सिदो कान्हू के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता को हम कभी नहीं भूल सकते। नड्डा ने कहा कि देश के वीरों ने इस धरती से अत्याचारियों को बाहर निकाला और अब झारखंड की जनता



झामुमो, कांग्रेस और राजद के गठबंधन को उखाड़कर भाजपा की सरकार बनाएगी। भाजपा के कारण भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नड्डा ने कहा कि अब झारखंड में भी हमें 'डबल इंजन' सरकार चाहिए, ताकि विकास की गति तेज हो सके। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने विश्रामपुर में 123 करोड़ रुपये की लागत से पेयजलापूर्ति योजना स्वीकृत की थी, लेकिन हेमंत सरकार ने पांच साल तक उसे रोक कर रखा, सिर्फ इसलिए कि इस योजना का नाम अटल जी के नाम पर था। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, मिथिलेश कटारिया, यूपी के मंत्री दया शंकर सिंह, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, संध्या सिंह आदि मौजूद थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell (Very Short e-Procurement Notice)**

**Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 43 /2024-25** **Date:- 09-11-2024**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Counting Hall Barricading and ETPBS Hall Brick wall Partition Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Vidhan Sabha Election-2024 at Hazaribag for the year 2024-25 | 2261250/- | 46000/- | 5000/- | 15 Day |
| 2 | Construction of Strong Room and Barricading Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Vidhan Sabha Election -2024 at Hazaribag for the year 2024-25 | 2390900/- | 48000/- | 5000/- | 15 Day |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 12-11-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 18-11-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 339978 Building (24-25)_D

**Format C-1**

**Declaration about criminal Cases**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name and address of candidate :** Sri Babulal Marandi, R/o. Vill.- Kodaibank, Post- Chandori, Ps.- Tisri, Distt.- Gridih Jharkhand

**Name of Political Party :** Bhartiya Janta Party
**Name of Election :** General Election Legislative Assembly Jharkhand- 2024
**Name of Constituency** : 28-Dhanwar

I **Shri Babulal Marandi** (Name of Candidate), a Candidate for the abouv ementioned election for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case no. & Dated | Status of case(s) | Section of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SDJM Ranchi | Doranda PS Case No 152/2018 | Charges Nor Frame | u/s 120(B), 193, 420, 468, 469, 471, 474 of IPC |
| 2. | JMFC | Chalkusha PS Case No 18/2018 | Charges Nor Frame | u/s 193, 194, 420, 467, 46, 471, 120(B) IPC |
| 3. | CJM | Chainpur PS Case No 145/2018 | Charges Nor Frame | u/s 193, 468, 469, 471, 474, 420, 120(B) of IPC |
| 4. | CJM | Saria PS Case No 106/201 | Charges Nor Frame | u/s 120(B), 193, 420, 468, 469, 471, 474 IPC |
| 5. | CJM | Tisri PS Case No 44/2018 | Charges Nor Frame | u/s 153A(1)(a), 500, 504, 505 of IPC |
| 6. | CJM | Ramgarh PS Case No 196/2023 | Charges Nor Frame | u/s 500, 504, 505(2) IPC |
| 7. | CJM | Lohardaga PS Case No 249/2023 | Charges Nor Frame | u/s 505(2) IPC |
| 8. | MP/MLA | Kanke PS Case No 210/2023 | Charges Nor Frame | u/s 500, 504, 505 of IPC |
| 9. | MP/MLA | Madhupur PS Case No 176/2023 | Charges Nor Frame | u/s 153A(1)(a), 500, 504, 505 IPC |
| 10. | CJM | Simdega PS Case No 104/2023 | Charges Nor Frame | u/s 500, 504, 505 IPC |
| 11. | MP/MLA | Lalpur PS Case No 203/2024 | Charges Nor Frame | u/s 191(2)(3), 190, 115(2), 117(2), 109, 121(1), 125, 132, 124(2), 352, 61(2) of BNS 12 |
| 12. | JMFC | Nagri PS Case No 185/2024 | Charges Nor Frame | u/s 223, 356(2), 351 (2)(3) of BNS |
| 13. | JMFC | Ratu PS Case No 324/2024 | Charges Nor Frame | u/s 223, 356(2), 351(2)(3) BNS |
| 14. | JMFC | Sikidiri PS Case No 32/2024 | Charges Nor Frame | u/s 223, 356(2), 352(2)(3) BNS |
| 15. | MP/MLA | Barhait PS. Case No. 104/2023 | Charges Nor Frame | u/s 500, 504, 505(2) IPC |

**(B) Details about case of conviction for criminal cases**

| Sl.No. | Name of Court of Date(s) of order(s) | Description of offence (s) & punishment imposed | Maximum punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NA | NA | NA |

In the case of election to Council Of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd./-
Babulal Marandi
Bhartiya Janta Party
Jharkhand

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 10 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# आइएनडीआइए की सरकार बनते ही हर महीने 'खटाखट' आयेंगे 2500 : राहुल

## कोयला मंत्री कोयला उत्पादन की बात किये पर मजदूरों, किसानों-विस्थापितों के बारे में कोई बात नहीं की : जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को धनबाद जिले के बाघमारा स्थित माटीगढ़ा फुटबॉल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इसमें आइएनडीआई महागठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आज देश के युवा, महिलाएं व किसान दुखी हैं। महंगाई और बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। कहा कि नरेंद्र मोदी कभी भी किसी किसान, दलित, आदिवासी या पिछड़ो को गले लगाते नहीं देखे गये। वे अडानी-अंबानी के घरों की सादियों में जरूर जाते हैं, लेकिन कभी किसी गरीब दलित की शादी में नहीं गये।





बाघमारी में कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो के समर्थन में चुनाव प्रचार करते नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी। सभा में उमड़ी लोगों की भारी भीड़।

कहा कि मोदी जी ने जितना पैसा अरबपतियों को दिया है, हमारी सरकार बनने पर हम उतना पैसा जनता के बैंक खाते में डालेंगे। कहा कि आज एक टीशर्ट की जीएसटी जितनी आप देते हो, अंबानी एवं अडानी भी उतना ही जीएसटी देते हैं। यह गरीबों से चोरी करने का तरीका है। नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। जो गरीबों से पैसा लेने का तरीका है। कहा कि कांग्रेसी आदिवासी को आदिवासी कहते हैं, लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोगों आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। उन्होंने महागठबंधन की सात गारंटी को दोहराते हुए आरक्षण के दायरे को बढ़ाने के साथ ही जातिगत जनगणना कराने की बातें कही। कहा हमारी सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में खटाखट 2500 रुपए हर महीने आने लगेंगें। एसटी को 28 फीसदी, एससी को 12 और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण सहति 10 लाख युवाओं को नौकरी देने की बात कही। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो ने कहा कि बाघमारा की धरती में बीसीसीएल का 70 प्रतिशत कोयले का खदान हैं। यहां रोजगार की कमी नहीं हैं। इंदिरा गांधी ने नेशनेलाजेशन एक्ट लाया था और यहां के गांव के लोगों को रोजगार मिला था। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार बनने पर सब कुछ उल्टा हो रहा हैं। कोयले का खदान निजीकरण, सब आउटसोर्सिंग में जा रहा हैं। कहा कि यहां के युवा पलायन कर रहे हैं। रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं ।कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ वह पूरा होना चाहिए। कहा कि देश के कोयला मंत्री आते हैं, कोयला सचिव आते हैं, और सिर्फ यह बोलकर चले जाते हैं कि इतना टन कोयला उत्पादन करना पड़ेगा। यहां के मजदूरों, किसानो विस्थापितों के बारे में कभी नहीं सोंचते हैं। उन्होंने बाघमारवासियों से अपील की कि खुशहाली और विकास के लिए कांग्रेस चिन्ह पर वोट देकर झारखंड में आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार बनायें।

## 'जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं'

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के आदेश पर शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर शनिवार को झरिया तिसरा स्थित मध्य विद्यालय बांधधौडा में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया। जिसमें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सहायक सुमन पाठक ने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। उन्हें जागरूक होना होगा।


### पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची

**-: आवश्यक सूचना :-**

दिनांक–10.11.2024 का भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी के रॉची शहर में भ्रमण की सूचना है। उक्त कार्यक्रम के मद्दे नजर राँची शहर की यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगी :–

- दिनांक–10.11.2024को राँची शहर में अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक सभी प्रकार के छोट/बडेमाल वाहक वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
- दिनांक–10.11.2024 कोअपराह्न 04:30 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक एयरपोर्ट स हिनू चौक, हिनू चौक से एच0ई0सी0 गेट, एच0ई0सी0 गेट से अरगोड़ा चौक, अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक से सहजानन्द चौक, सहजानंद चौक स न्यूमार्केट चौक तथा पण्डरा बाजार चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ से न्यूमार्केट तक आने–जाने के लिए कम से कम उपयोग करें।
- दिनांक–10.11.2024 को शहर में प्रवेश हेतु सामान्य वाहन बुटी मोड रिंग रोड़, बोडेया रिंग रोड़, कांके रिंग एवं रामपुर रिंग रोड़ का प्रयोग कर सकते है।
- दिनांक–10.11.2024 को रॉची शहर से बाहर जाने हेतु कांके रिंग रोड़, बोड़ेया रिंग रोड़, बुटीमोड़ रिंगरोड़, रामु पर रिंग रोड भाया मेन रोड़, रॉची, कांटाटोली से बुटी मोड़ रोड़, कांटा टोली से नाम कुमर ेड तथा पुरानी हाई कोर्ट से घाघरा रोड से जा सकते है।
- दिनांक–10.11.2024 को अपराह्न 04:30 बजे के बाद एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहन पुराना हाई कोर्ट से घाघरा रोड़ होते हुए हेथु वस्ती के रास्ते सीधे एयरपोर्ट जा सकेगे।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गो को अल्प समय के लिए **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।

PR.NO.340006 Ranchi(24-25):D


# झरिया में सिर्फ हत्या, रंगदारी एवं भ्रष्टाचार का हुआ विकासः रागिनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया के बिहार बिल्डिंग स्थित कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को एनडीए घटक दलों की ओर से संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान रागिनी सिंह ने वर्तमान झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पांच वर्षों के अंतिम दौर में मिलीजुली भ्रष्ट गठबंधन सरकार को राज्य की गरीब माताओं बहनों की याद आई। अपने आखिरी दिनों में वर्तमान झारखंड सरकार फर्जी लुभावने वादों का पिटारा खोल कर राज्य की भोली भाली जनता को सिर्फ गुमराह करने की कोशिश की है। कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से सिर्फ हत्यारे, भ्रष्टाचारियों और गुंडे मवलियों का विकास हुआ है। झरिया की जनता बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रही, लेकिन कांग्रेस विधायक कहीं नजर नहीं आई। अब चुनाव के समय वो भी गली मोहल्लों की खाक छान रही है। सत्ता पक्ष को पता है कि इस बार उनकी एक न चलेगी। आरोप लगाया कि हार से भय से भाजपा एवं एनडीए समर्थित दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। लेकिन वे यह बात भूल गए कि अब झरिया की जनता डरने वाली नहीं, अब झरिया की जनता लड़ने वाली है।

# गोमिया की जनता ही हमारी ताकत है : डॉ लंबोदर महतो

**मिलन समारोह में सैकड़ों लोग झामुमो छोड़ आजसू में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि सेवा भावना के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को हमने बराबर निभाया हैं। जनता के विश्वास में खरा उतरा हूं। सुख दुख में खड़ा रहता हूं। वे उक्त बातें शनिवार को आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही। कहा कि गोमिया के हितों की रक्षा हो, इसको लेकर भी हमने अपनी सक्रियता को हर स्तर पर बनाए रखा हूं। गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता हमारी ताकत है और इसी ताकत के बल पर हमने कई मामले में सकारात्मक पहल कदमी की है. उन्होंने कहा कि हमने हर कदम पर जनता के हितों का ख्याल रखा है और उसी के अनुरुप हमने कई काम किए है। हमारे लिए गोमिया के लोगों हित सर्वोपरि है और यह बना रहेगा। इस दौरान लोगों ने डॉ लंबोदर महतो को भारी मतों से विजय बनाने संकल्प लिया। कहा कि हर वर्ग में डॉ लंबोदर महतो को लेकर उत्साह है। इस दौरान नरेश कुमार महतो व प्रखंड अध्यक्ष धनुलाल महतो की अगुवाई में महुआटांड व उत्तासारा पंचायत के सैकड़ों लोग झामुमो को छोड़कर आजसू में शामिल हो गये। इसमें राजेंद्र महतो, मोहन महतो, वासुदेव महतो, मनोज रजवार, विरेंद्र नायक, बबलू सिंह, राजेश मुंडा, मुकेश दास गुरु, गांधी नायक, प्रेम मिश्रा, संतोष रजवार, पिंटू महतो, रमेश मरांडी, चंदन किस्कू, भरत किस्कू, सुशील हेंब्रम, शिवचरण किस्कू, टिंकू मरांडी, बासु चंद्र किस्कू वरामकुमार महतो, धुरेन्द्र रजवार, सुनील रजवार, नारायण रज वार, छतरू रजवार, मनोहर महतो, सहदेव रजवार, दथरथ रजवार, सुनील कुमार, जतन कुमार, भरत देव रजवार, बलदेव रजवार, मिथुन बेदिया, जगरनाथ बेदिया, बैजनाथ रजवार, रूपलाल रजवार, इंदरजीत रजवार और मुन्नालाल रजवार आदि हैं।


### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची।

### मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–
2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा। झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची।

PR 339960 Election(24-25)D


# भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने योग शिविर में चलाया जनसंपर्क

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा शनिवार को टेलीफोन एक्सचेंज रोड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे योग शिविर पहुंचे। जहां उपस्थित लोगों ने राज सिन्हा को माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस बीच राज सिन्हा ने सभी से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके बाद वे पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह से धनसार स्थित आवास पहुंचे और शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उनसे चुनावी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा की।



## बोकारो विस क्षेत्र के सैकड़ों युवा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए शामिल

# हेमंत सरकार ने राज्य के सभी वर्गों को ठगा हैः प्रदीप वर्मा

## यह एकजुटता ही बदलाव का संकेत हैः बिरंची नारायण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र महतो के पुत्र विक्रम महतो के नेतृत्व में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों युवा शनिवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा व बोकारो विधायक सह भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल कराया। इस दौरान स्थानीय युवाओं ने अपने प्रत्याशी बिरंची नारायण का ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने के लिये राज्य के युवा-महिलाओं ने इस हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। राज्य की हेमंत सरकार ने सभी वर्गों को ठगा है। इससे नाराज हजारों युवा-महिला प्रतिदिन भाजपा परिवार से जुड़ रहे है। वहीं, बिरंची नारायण ने कहा कि यह एकजुटता ही बदलाव का संकेत है। हम सभी मिलकर बोकारो विधानसभा में विकास के नए रास्ते पर चलेंगे। भाजपा हमेशा विकास और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। हम इस विश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे कि सभी के सहयोग से हमारी योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। उधर, भाजपा में शामिल होने वालों में अपने समर्थकों के साथ विक्रम महतो के अलावा चास के गोपाल शाह, नीरज गुप्ता, प्रदीप सिंह, मंजू देवी, पूर्व मुखिया युधिष्ठिर महतो, नकुल महतो, रानी मालाकार, मीना देवी, क्रिस्टा सोरेन, मालती देवी, शिबू बाउरी, मुटुक शहिस, मनभूल सिंह, जवाहर लाल चौधरी, सागर रजवार, रवि रजवार, डीके त्रिवेदी, कमलेश गोराई, मुन्ना ठाकुर, मुकेश राठौर, किंकर महतो, अरुण सिंह, दीपक कुमार, टिंकू कुमार, अशोक कुमार, महेश महतो, आयुष, अमित कुमार, अशोक राय, दलू महतो, ओमप्रकाश महतो, राजाराम, अरुण पंडित और सुबोध सिंह सहित सैकड़ों लोग थे। इस दौरान प्रत्याशी बिरंची नारायण ने बोकारो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष मे मतदान करने का आग्रह किया साथ। ही साथ रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चंदनकियारी के चंडीपुर मैदान में आहूत चुनावी जनसभा में भारी संख्या में लोगों को पहुंचने का न्योता दिया। लगे हाथ चास के मेन रोड, सेक्टर 9, सेक्टर 8 व बंधगोरा साइड में चुनावी कार्यालय का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर अजित महतो, माथुर मंडल, इंद्र झा आदि मौजूद रहे।




**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name and address of candidate **BIHARI KUMAR**, **At-Kedla Basti, Near Hanuman Mandir, Mandu, Dist-Ramgarh (Jharkhand)-825325.**

Name of political party: **JLKM**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election **GENERAL ASSEMBLY ELECTION 2024 (JHARKHAND)**

Name of Constituency :- **24, MANDU (JHARKHAND)**

I, **BIHARI KUMAR** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 98/2024 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 120(B), 414of the IPC & 30(ii) Coal Mines Act |
| 2. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 86/2022 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 147, 149, 341, 323 of the IPC |
| 3. | J.M. 1st CLASS RAMGARH | Mandu P.S. 142/2021 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 365, 511, 120 (B) of the IPC |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**BIHARI KUMAR**
**JLKM**
**ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**

# सोआ ने 2025 के लिए क्यूएस और दक्षिण एशिया विवि श्रेणी में महत्वपूर्ण प्रगति की

## क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान, शहर स्थित मानद विश्वविद्यालय (सोआ) ने दक्षिण एशिया और एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए 2025 के लिए क्षेत्र के अनुसार प्रतिष्ठित क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया है।

दक्षिण एशिया के लिए क्यूएस एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग में सोआ 2024 में 143वें स्थान पर था और 2025 में 64वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग में यह




2024 में 501-550 ब्रैकेट से बढ़ कर 2025 में 278वें स्थान पर पहुंच गया। 2024 में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में सोआ 1201-1400 ब्रैकेट में था, लेकिन हाल ही में जारी सूची में इस स्थान को बरकरार रखा। सोआ को 2024 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में देश में 14वें स्थान पर रखा गया था। 2016 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनआइआरएफ रैंकिंग शुरू किये जाने के बाद से यह लगातार भारत के शीर्ष 25 विश्वविद्यालयों में शामिल रहा है।

## लव जिहाद का आरोपी समीर मनसूर गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लव जिहाद के आरोप में आरोपी समीर मनसूर को रिमांड पर लिया जायेगा। कैसे वह लड़की के संपर्क में आया और उसे फंसाया। वह रिमांड पर आएगा और एक-एक कर सच बतायेगा। उसकी मेडिकल जांच करायी गयी है। जांच के बाद उसे महिला पुलिस थाने में रखा गया है। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक 2022 में फ्री फायर गेम खेलने के दौरान उसका आरोपी समीर से अफेयर हो गया था। समीर ने उसे प्रेम जाल में फंसाया। इसने अपना परिचय एक हिंदू के रूप में दिया। वह घंटों तक उसके साथ वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। वह कई बार ओड़िशा आया। शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाया। उन्होंने कहा कि उनका घर बिहार में है और वह कश्मीर में काम कर रहा है। आखिरी बार वह पिछले साल मार्च में ओड़िशा आया था। दोनों पुरी के एक होटल में ठहरे थे। इसी दौरान पीड़िता को पता चला कि समीर का असली नाम समीर मनसूर है। यह जानने के बाद कि वह दूसरे समुदाय से है, उसने उससे दूर जाने की कोशिश की, लेकिन समीर ने उन्हें होटल के कमरे से बाहर नहीं जाने दिया। उसे धमकी भी दी गयी और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया। जब उसने विरोध किया तो उसने उसे छुरी दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता होटल से भागने में सफल रही। बदला लेने के लिए समीर ने फोन कर उससे शादी करने को कहा। पीड़िता ने सहमति नहीं दी और अंतरंग पल का वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। उसने शादी के लिए युवती के पिता को एक वीडियो भी भेजा। उसने शादी नहीं करने पर 5 लाख रुपये देने की मांग की। इसके बाद पीड़ित परिवार ने घटना के संबंध में भुवनेश्वर महिला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के बाद पुलिस ने समीर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। योजना के अनुसार पीड़िता ने उसे यह कहते हुए फोन किया कि वह शादी करेगी। समीर इसमें फंस गया था। समीर अपनी प्रेमिका को शादी के लिए काश्मीर ले जाने के लिए ओड़िशा आया, जब वह कटक स्टेशन पहुंचा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## पूर्व विधायक की पत्नी का आधा जला हुआ शव बरामद

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर सत्यनगर श्मशान में हाइ ड्रामा हुआ। पुलिस ने आधा जला हुआ शव बरामद किया। ब्रह्मगिरी के पूर्व विधायक अजय कुमार जेना की पत्नी अश्रुकना प्रधान की मौत ने विवाद खड़ा कर दिया है। बिना पोस्टमार्टम किये और किसी को बताये शव का अंतिम संस्कार किये जाने की सूचना मिलने के बाद रिश्तेदार और पुलिस सत्यनगर श्मशान पहुंच गये। जब बहू ने बिना किसी को बताये सास के शव का अंतिम संस्कार कर दिया, तो हंगामा मच गया। पुलिस ने आधा जला हुई शव बरामद किया। बहू पर संपत्ति के लिए अपनी सास की हत्या करने का आरोप है। वहीं बहू की शिकायत है कि हमारे रिश्तेदारों ने संपत्ति के बारे में झूठ बोला है। उसने कहा कि उसकी सास के रिश्तेदार ने कई वर्षों से मेरे साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे, इसीलिए वह किसी को बताये बिना अंतिम संस्कार कर रहे थे। दूसरी ओर मृतक की छोटी बहन ने बहू पर उसकी सास को परेशान करने का आरोप लगाया है। खारवेल नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर जांच शुरू कर दी।




## नियमित अस्पताल नहीं आने पर 25 डॉक्टरों को नोटिस

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जयपुर के जिला प्रमुख अस्पताल में कार्यरत 25 डॉक्टरों को नोटिस दिया गया है। अस्पताल के अधीक्षक और जिला चिकित्सा अधिकारी ने नियमित रूप से अस्पताल नहीं आने के लिए नोटिस जारी किया है। यहां तक कि 6 तारीख को जयपुर में हुई जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी की समीक्षा बैठक में भी ये डॉक्टर शामिल नहीं हुए। इस पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी जतायी। सभी डॉक्टरों को कल तक लिखित जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

## भुवनेश्वर में लड़की से 4 लाख की साइबर ठगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी भुवनेश्वर में एक युवती साइबर ठगी का शिकार हुई है। 349 रुपये का मोबाइल रिचार्ज करते समय करीब 4 लाख रुपये ठग लिये। युवती की शिकायत के मुताबिक मोबाइल रिचार्ज करते समय उसने गलती से अपने मोबाइल नंबर की जगह दूसरे नंबर पर 349 रुपये का रिचार्ज कर दिया। नंबर पर कॉल कर उस व्यक्ति से दोबारा रिचार्ज करने का अनुरोध किया। युवक ने रिचार्ज करने से इनकार करने पर युवती ने गूगल पर फोनपे हेल्प सेंटर का नंबर सर्च किया। गूगल पर मिले नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। युवती को नहीं पता था कि गूगल पर दिया गया नंबर किसी साइबर लुटेरे का है। अंत में, साइबर लुटेरों ने खाते से पहले एक लाख की ठगी की। उन्होंने बैंक अधिकारियों से इस संपर्क में कह कर बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए भी कहा और एकाउंट को फ्रिज किया गया। युवती ने कहा कि घटना के एक महीने बाद बैंक में आवेदन किये और खाते को फिर से सक्रिय करने के बाद, चरणबद्ध तरीके से खाते से लगभग 3 लाख रुपये काट लिये गये। उन्होंने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है।

## बड़गड़ में कपड़ा गोदाम जल कर खाक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी बड़गड़ में एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गयी। बताया जा रहा है कि आग में 25 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जल कर खाक हो गयी। हालांकि, मालिक की दुकान मार्केट बिल्डिंग में थी, जबकि गोदाम बड़गड़ इलाके में था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**